45 वां राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह
45th National Film Festival
1998

संपादन
बी.बी. नागपाल

Editor
B.B. Nagpal

समन्वय
शी. ट्विक्ले

Co-ordination
S. Twickly

सहयोग
मंजु खन्ना
अजय नावरिया
कौशल्या मेहरा
मोहम्मद सादिक
बी.ए. हकाक

Assistance
Manju Khanna
Ajay Naurya
Kaushalya Mehra
Mohammed Sadiq
B.A. Hakak

उत्पादन
जी.पी. धुसिया
वी.के. मीणा

Production
G.P. Dhusia
V.K. Meena

फ़िल्म समारोह निदेशालय के लिए विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आकल्पित और प्रकाशित। मुद्रक : वीरेन्द्र प्रिंटर्स, नई दिल्ली-110005

Designed and published by the Directorate of Advertising & Visual Publicity, Ministry of Information & Broadcasting, Government of India, for the Directorate of Film Festivals, Printed at Veerendra Printers, New Delhi-110 002

No 2/5/98 - PP III 2000 Copies July, 98'

विषय सूची

CONTENTS

	Page No.	
निर्णायक मण्डल	vii	**JURY MEMBERS**
दादा साहेब फाल्के पुरस्कार	1	**DADA SAHEB PHALKE AWARD**
कथाचित्र पुरस्कार	5	**AWARDS FOR FEATURE FILMS**
सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार	6	Best Feature Film
निर्देशक की सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार	8	Indira Gandhi Award for Best First Film of a Director
लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए पुरस्कार	10	Best Popular Film Providing Wholesome Entertainment
राष्ट्रीय एकता संबंधी सर्वोत्तम कथाचित्र का नर्गिस दत्त पुरस्कार	12	Nargis Dutt Award for Best Feature Film on National Integration
परिवार कल्याण संबंधी सर्वोत्तम फ़िल्म	14	Best Film on Family Welfare
अन्य सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फ़िल्म	16	Best Film on other Social Issues
पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम फ़िल्म	18	Best Film on Environment/Conservation/Preservation
सर्वोत्तम बाल फ़िल्म	20	Best Children's Film
सर्वोत्तम निर्देशन	22	Best Director
सर्वोत्तम अभिनेता	24	Best Actor
सर्वोत्तम अभिनेत्री	26	Best Actress
सर्वोत्तम सह-अभिनेता	28	Best Supporting Actor
सर्वोत्तम सह-अभिनेत्री	30	Best Supporting Actress
सर्वोत्तम बाल-कलाकार	32	Best Child Artiste
सर्वोत्तम पार्श्व गायक	34	Best Male Playback Singer
सर्वोत्तम पार्श्व गायिका	36	Best Female Playback Singer
सर्वोत्तम छायांकन	38	Best Cinematography
सर्वोत्तम पटकथा	40	Best Screenplay
सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन	42	Best Audiography
सर्वोत्तम संपादन	4 4	Best Editing
सर्वोत्तम कला निर्देशन	46	Best Art Direction
सर्वोत्तम वेशभूषाकार	48	Best Costume Designer

सर्वोत्तम संगीत निर्देशन	50	Best Music Direction
सर्वोत्तम गीत	52	Best Lyrics
निर्णायक मण्डल का विशेष पुरस्कर	54	Special Jury Award
सर्वोत्तम नृत्य संयोजन	56	Best Choreography
सर्वोत्तम बंगल कथाचित्र	58	Best Feature Film in Bengali
सर्वोत्तम हिन्दी कथाचित्र	60	Best Feature Film in Hindi
सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र	62	Best Feature Film in Kannada
सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र	64	Best Feature Film in Malayalam
सर्वोत्तम उड़िया कथाचित्र	66	Best Feature Film in Oriya
सर्वोत्तम पंजाबी कथाचित्र	68	Best Feature Film of Punjabi
सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र	70	Best Feature Film in Tamil
सर्वोत्तम तेलगु कथाचित्र	72	Best Feature Film in Telugu
विशेष उल्लेख	74	Special Mention
पुरस्कार जो नहीं दिये गये	76	Awards not given

गैर कथाचित्र पुरस्कार		AWARDS FOR NON-FEATURE FILMS
सर्वोत्तम गैर कथाचित्र पुरस्कार	78	Best Non-Feature Film
निर्देशक का सर्वोत्तम प्रथम गैर कथाचित्र पुरस्कार	80	Best First Non-Feature Film of a Director
सर्वोत्तम मानवशास्त्री/मानवजातीय फ़िल्म	82	Best Anthropolocial/Ethnographic Film
सर्वोत्तम जीवनी फिल्म	84	Best Biographgical Film
सर्वोत्तम कला/सांस्कृतिक फ़िल्म	86	Best Arts/Cultural Film
सर्वोत्तम वैज्ञानिक फ़िल्म	88	Best Scientific Film
सर्वोत्तम पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण फ़िल्म	90	Best Environmental/Conservation/Preservation Film
सर्वोत्तम प्रोत्साहन देने वाली फिल्म	92	Best Promotional Film
सर्वोत्तम कृषि फ़िल्म	94	Best Agricultural Film
सर्वोत्तम ऐतिहासिक पुनर्निर्माण/संकलन फ़िल्म	96	Best Historical Reconstruction/Compilation Film
सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फ़िल्म	98	Best Film on Social Issues
सर्वोत्तम शैक्षिक/प्रेरक/शिक्षाप्रद फ़िल्म	100	Best Educational/Motivational/Instructional Film
सर्वोत्तम गवेषण/साहसी फिल्म	102	Best Exploration/Adventure Film
सर्वोत्तम खोजी फ़िल्म	104	Best Investigative Film
सर्वोत्तम कार्टून फ़िल्म	106	Best Animation Film

सर्वोत्तम लघु कल्पित फ़िल्म	108	Best Short Fiction Film
परिवार नियोजन सर्वोत्तम फ़िल्म	110	Best Film on Family Welfare
सर्वोत्तम छायांकन	112	Best Cinematography
सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन	114	Best Audiography
सर्वोत्तम संपादन	116	Best Editor
विशेष उल्लेख	118	Best Special Mention
पुरस्कार जो नहीं दिए गए	120	Awards Not Given
सिनेमा पर सर्वोत्तम लेखन पुरस्कार	121	**AWARDS FOR WRITING ON CINEMA**
सर्वोत्तम सिनेमा पुस्तक (1995)	122	Best Book on Cinema (1995)
सर्वोत्तम फ़िल्म समीक्षक (1995)	124	Best Film Critic (1995)
स्वतंत्रता की पचासवीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में	127	**CELEBRATING FIFTY YEAR OF INDEPENDENCE**
कथासार : कथाचित्र	171	**SYNOPSES : FEATURE FILMS**
अन्नमैया	172	Annamayya
भूमिगीता	173	Bhoomigeetha
भूतक्कन्नड़ी	174	Bhoothakkanadi
बार्डर	175	Border
दहन	176	Dahan
धन्ना	177	Dhanna
दिल तो पागल है	178	Dil to Pagal Hai
इनु स्वंथम् जानकी कुट्टी	179	Ennu Swanitham Janakikutty
हजार चौरासी की माँ	180	Hazaar Chaurasi Ki Ma
इरुवर	181	Iruvar
कलियट्टम	182	Kaliyattam
मै माँ पंजाब दी	183	Main Ma Punjabi Dee
मंगम्मा	184	Mangamma
मूंगरिना मिंचु	185	Moongarina Minchu
रामायणम्	186	Ramanayam
समांथारंगल	187	Samaandarangal

शेष दृष्टि	188	Shesh Drushti
सिन्दूरम्	189	Sindooram
द टेररिस्ट	190	Terrorist, The
ताई साहेब	191	Thai Saheb
विरासत	192	Virasat
कथासार: गैर कथाचित्र	193	**SYNOPSES : NON-FEATURE FILMS**
आयुर्वेद	194	Ayurveda
अय्यनकली - अधिष्ठितारुढ विमोचकन	194	Ayyankali - Adhastitharude Vimochakan
बांगलोर बाडल	195	Banglar Baul
केन्सर	195	Cancer
मोटीपुआ	196	Gotipua
हिप्नोथीसिस	196	Hypnothesis
इन सर्च ऑफ एक्सीलेन्स	197	In Search of Excellence
इन द लैंड आफ लेप्चज़	197	In the land of Lepchas
जातानेर जामी	198	Jataner Jami
माटिर भांर	198	Matir Bhanr
मिझावु - ए साइलेन्ट ड्रम बीट	199	Mizhavu - A Silent Drum Beat
मौनम् सौमनस्यम्	199	Mounam Sowmanasyam
नेचर्स सेन्टिनेल्स - द बिश्नोई	200	Nature's Sentinels - the Bishnoi
निरंकुश	200	Nirunkush
द आफीशियल आर्ट फार्म	201	Official Art Form, The
पोस्ट हारवेस्ट मैनेजमेन्ट आफ पोटैटो	201	Post Harvest Management of Potato
सारंग - सिम्फनी इन कोकोफनी	202	Sarang - Symphony in Cocophony
द सेवियर	202	Saviour, The
थर्स्ट	203	Thirst
ट्रेड कामर्स	203	Trade - Commerce
द ट्रेल	204	Trail, The
राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार	205	**NATIONAL FILM AWARDS**

निर्णायक मण्डल Jury Members

कथाचित्र निर्णायक मण्डल

JURY FOR FEATURE FILMS

पी. माधवन
P. Madhavan

श्रीमती बी. सरोजा देवी (अध्यक्ष)
Mrs. B. Saroja Devi (Chairperson)



डॉ. महीप सिंह
Dr. Maheep Singh

सी.वी.एल. शास्त्री
C.V.L. Sastry

सुश्री अरुणा पुरोहित
Ms. Aruna Purohit

सुश्री उमा डा कुन्हा
Ms. Uma Da Cunha

देवेन्द्र खण्डेलवाल
Devender Khandelwal

संदीप रे
Sandeep Ray

डॉ. सांत्वना बार्दोलोई
Dr. Santwana Burdoloi

सुश्री अरुणधती नाग
Ms. Arundhati Nag

सुश्री पुष्पा भारती
Ms. Pushpa Bharati

के.आर. मोहनन
K.R. Mohanan

वी. मधुसूदन राव
V. Madhusudana Rao

ग़ैर-कथाचित्र निर्णायक मण्डल

JURY FOR NON-FEATURE FILMS

के.के. कपिल (अध्यक्ष)
K.K. Kapil (Chairman)

दिनकर चौधरी
Dinker Chowdhary

शशि रंजन
Shashi Ranjan

श्रीमती पार्वती मेनन
Mrs. Parvati Menon

सुश्री नमिता गोखले
Ms Namita Gokhale

सर्वोत्तम सिनेमा लेखन निर्णायक मण्डल

JURY FOR BEST WRITING ON CINEMA

चिदानंद दासगुप्त (अध्यक्ष)
Chidananda Dasgupta (Chairman)

तरुण विजय
Tarun Vijay

चंदन मित्रा
Chandan Mitra

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार
Dada Saheb Phalke Award
1997

दादा साहेब फ़ाल्के पुरस्कार 1997

भारतीय सिनेमा के लिए विशिष्ट योगदान
कवि प्रदीप

कोई भी व्यक्ति जो हिन्दी गीतों को सुनता है, ''**जागृति**'' फ़िल्म के ''**हम लाये हैं तूफान से किश्ती निकाल के, इस देश को रखना मेरे बच्चों सम्भाल के**'' या ''**नास्तिक**'' फ़िल्म के ''**देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान, कितना बदल गया इंसान**'' गानों को कभी नहीं भूल सकता। जो भी इन गानों को सुनता है उसको अपने में गृह विरह की वेदना जागृत होती प्रतीत होती है। इन गानों के लेखक श्री राम चन्द्र द्विवेदी, ''**कवि प्रदीप**'' के नाम से अधिक जाने जाते हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन देशप्रेम एवं धार्मिक गीतों तथा सुनने वालों में नई स्फूर्ति जागृत करने वाले गीत लेखन में अर्पित कर दिया।

उज्जैन जिले के एक क़स्बे में जन्मे, तिरासी वर्षीय **कवि प्रदीप**, छोटी उम्र में ही इलाहाबाद आ गये थे जहां इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि लें कर वे मुंबई चले आये। जब वे पहली बार फ़िल्मों की राजधानी पहुंचे तो वे फ़िल्मी संगोष्ठियों में भाग लिया करते थे, जहां उनकी भेंट कई प्रतिष्ठित कवियों से हुई।

एक दिन उन्हें हिमांशु राय से मिलने के लिये कहा गया जो उस समय बाम्बे टाकीज़ के संचालक थे। श्री राय ने उन्हें फ़िल्मों के लिये गाने लिखने को कहा। उन्होंने कवि का नाम भी ''**कवि प्रदीप**'' बदल दिया, जो कवियोचित लगता था।

1939 में बनी उनकी प्रथम फ़िल्म ''**कंगन**'' में उन्होंने अपने लिखे चार गीतों में से तीन को स्वयं गाया भी था। इसके बाद उनकी ''**बन्धन**'', ''**नया संसार**'', ''**किस्मत**'' तथा ''**आम्रपाली**'' जैसी फ़िल्में भी आई।

अन्य फ़िल्मी गीतों के साथ, जिसमें बड़ी संख्या में धार्मिक फ़िल्मों के गीत भी हैं, वे ऐसी कविताऐं भी लिखते रहे जो देशप्रेम की भावना को जागृत करे तथा समाज की बुराइयों को उजागर करे। उनकी फ़िल्मों में ''**कभी धूप कभी छांव**'', ''**जय संतोषी मां**'', ''**अग्निरेखा**'', ''**बाल महाभारत**'', ''**जागृति**'' तथा ''**नास्तिक**'' फ़िल्में सम्मिलित है।

कवि प्रदीप अपनी उच्च कोटि के गीतों के लिये प्रसिद्ध हैं जिनमें सामाजिक बुराइयाँ, देश प्रेम, कोमलता, श्रेष्ठ काव्यात्मकता तथा शालीनता झलकती है।

DADA SAHEB PHALKE AWARD 1997

OUTSTANDING CONTRIBUTION TO INDIAN CINEMA
KAVI PRADEEP

No person who listens to Hindi film songs will every forget songs like **Hum laaye hain tufaan se kishti nikaal ke, is desh ko rakhna mere bacho sambhaal ke"** or **"De di hamein azaadi bina khadak bina dhaal"** from the film **"Jagriti"** or **"Dekh tere sanssar ki haalat kya ho gayee Bhagwan, kitna badal gayaa insaan"** from **Nastik."** Anyone listening to these songs will feel nostalgia welling up within him. The writer of these lyrics, **Mr Ram Chandra Dwivedi** who is better known to us as **Kavi Pradeep**, has spent his lifetime penning patriotic or religious songs, or lyrics that infuse new vigour in the listener.

Eighty-three year old **Kavi Pradeep** came to Mumbai after doing his graduation from the University of Allahabad, where he had shifted at an early age from the small town in district Ujjain, where he was born. When he first came to the film capital, he used to participate in film symposia, where he met a lot of eminent poets.

One day, he was asked to meet Himansu Rai, who was then managing Bombay Talkies. Mr Rai asked him to write film songs. He also changed the poet's name to **Kavi Pradeep**, which he said sounds better for a poet.

His first film was **"Kangan"** in 1939, where he himself sang three of the four songs written for that film. This was followed by films like **"Bandahan", "Naya Sansar", "Kismat"** and **"Amrapali."**

Along with other film songs, he continued to write lyrics that evoked patriotic nostalgia and also spoke of ills in society, apart from a large number of songs for mythological films. His films include **"Kabhi dhoop kabhi chhaon", "Jai Santoshi Ma", "Agnirekha", "Bal Mahabharat", "Jagriti"** and **"Nastik."**

Kavi Pradeep is also known for a high standard of lyrics that talk of social ills, patriotism, tenderness, and have a high order of poetry, never stooping to vulgarity.

कथाचित्र पुरस्कार
Awards for Feature Films

सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

थाई साहेब (कन्नड़)

निर्माता : **जयमाला** को स्वर्ण कमल तथा 50,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **गिरीश कासरवल्ली** को स्वर्ण कमल तथा 50,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कथाचित्र का 1997 का पुरस्कार कन्नड़ फिल्म **थाई साहेब** को एक महिला की चुनौतीपूर्ण भूमिका के लिये है जो परम्परागत प्रतिबंधों तथा समय की सीमितताओं का बोझ उठाती है और उनका साहस, गरिमा तथा त्याग के साथ सामना करना सीखती है। इस प्रक्रिया में वह महिला उद्धार के संबंध में संदेश देती है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM

THAI SAHEB (KANNADA)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000/- to the Producer **JAIMALA**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000/- to the Director **GIRISH KASARAVALLI**

Citation

The Award for the Best Feature Film of 1997 is given to the Kannada Film **THAI SAHEB** for its challenging portrayal of one woman who carries the burden of traditional constraints and restrictions of society and learns to overcome them with courage, dignity and sacrifice. In the process, she speaks for the emancipation of women.

जयमाला

प्रतिष्ठित अभिनेत्री जयमाला ने तुलु, कन्नड़, मलयालम एवं तेलुगु भाषाओं की 75 से अधिक फ़िल्मों में अभिनय किया है। इनमें "**कासु दाये कन्दानें**" जो तुलु भाषा में है, को सर्वोत्तम अभिनेत्री पुरस्कार, मलयालम फ़िल्म "**देवलोकम**" तेलुगु फ़िल्म "**रक्षा सुदु**" एवं कन्नड़ फ़िल्म "**चांदी चमुदी**", "**अन्त**" और "**प्रेमद कणिके**" शामिल हैं।

एक निर्माता के रूप में यह उनकी चौथी फ़िल्म है, इसके अतिरिक्त उन्होंने "**अग्निपरीक्षा**", "**महेन्द्रवर्मा**", और "**मिस्टर महेश कुमार**" बनाई जो सभी कन्नड़ में थी।

Jayamala

An actress of repute, Jayamala has acted in over 75 films in Tulu dialect and the Kannada, Malayalam and Telugu languages. These include **"Kasu Daye Kandaane"** in Tulu for which won the best actress award, the Malayalam film **"Devalokham"**, the Telugu film "Rakshasudu", and the Kannada films **"Chandi Chamudi"**, **"Antha"** and **"Premada Kanike"**.

This is her fourth film as producer, the others — all Kannada —being **"Agnipareeksha"**, **"Mahendravarma"**, and **"Mr Mahesh Kumar"**.

गिरीश कासरवल्ली

भारतीय फ़िल्म एवं दूरदर्शन संस्थान से फ़िल्म निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त गिरीश को 1975 का सर्वोत्तम छात्र घोषित किया गया तथा उनकी डिप्लोमा फ़िल्म "**अवशेष**" के लिए सर्वोत्तम छात्र फ़िल्म का पुरस्कार भी मिला। इस फ़िल्म को 1976 की सर्वोत्तम लघु फ़िल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।

स्वतंत्र रूप से उनकी प्रथम फ़िल्म "**घटश्रद्धा**" को 1977 की सर्वोत्तम फ़िल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार के अलावा बी.वी. कारंथ को संगीत पुरस्कार तथा मास्टर अजित कुमार को सर्वोत्तम बाल कलाकार का पुरस्कार भी मिला। उनकी फ़िल्म "**तबराना काथे**" को सर्वोत्तम फ़िल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार एवं अनेक राज्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

Girish Kasaravalli

Trained in the Film and Television Institute of India in Film Direction, Girish was adjudged the best student of the year 1975 and also won the best student film award for his Diploma film **"Avashesh."** This film went on to win a National Award as the Best short film of 1976.

His first independent film **"Ghattashraddha"** in 1977 won the National Award for best film as well as the music award for B.V. Karanth and child actor award to Master Ajit Kumar. His film **"Tabrana Kathe"** also won the National Award for best film and several state awards.

निर्देशक की सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार

भूतक्कन्नडी (मलयालम)

निर्माता : **एन. कृष्णकुमार** (उन्नी) को स्वर्ण कमल तथा 25,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **ए.के. लोहिता दास** को स्वर्ण कमल तथा 25,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

निर्देशक की सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए 1997 का इंदिरा गांधी पुरस्कार मलयालम फिल्म **भूतक्कन्नडी** को मानवीय मन के उत्कृष्ट समन्वय बनाये रखने के लिए दिया गया है।

INDIRA GANDHI AWARD FOR THE BEST FIRST FILM OF A DIRECTOR

BHOOTHAKKANNADI (MALAYALAM)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000/- to the Producer. **N. KRISHNA KUMAR (UNNI)**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000/- to the Director: **A.K. LOHITHA DAS**

Citation

The Indira Gandhi Award for the Best First Film of a Director for the year 1997 is given to the Malayalam Film **BHOOTHAKKANNADI,** for the Director's Competent Handling of the Delicate Balance of the Human Psyche.

एन. कृष्ण कुमार (उन्नी)

दूसरों से हटकर फ़िल्मों का निर्माण करने में अपना स्थान बनाने वाले एन् कृष्ण कुमार जिन्हें उन्नी के नाम से भी जाना जाता है, ने निर्देशन के लिए कुछ समय के लिए पटकथा लेखक के रूप में अवकाश लिया। उन्नी की प्रथम फ़िल्म "**किरीडम**" जिसमें मोहन लाल प्रमुख थे, को अपार सफलता मिली तथा उसके बाद फ़िल्म निर्माता को किरीडम उन्नी के नाम से जाना जाता है।

N. Krishna Kumar (Unni)

Having carved a niche for himself for making films with a difference, N. Krishna Kumar who is also known as Unni has given a break to his screenplay writer to direct. Unni's first film **"Kireedom"** with Mohan Lal in the lead had been a trend setter, and the filmmaker came to be known as Kireedom Unni after that.

ए.के. लोहिता दास

किरीडम उन्नी की सभी छः फ़िल्मों की पटकथा लोहिता दास ने लिखी। उन्हें निर्देशन का अवसर उनकी सातवीं फ़िल्म में मिला। विषय वस्तु में व्यापकता तथा व्यावहार में राष्ट्रीयता के कारण उनकी गिनती उच्च कोटि की पटकथा लिखने से सफल फ़िल्में देने वालों में की जाती है। उनकी सर्वप्रथम फ़िल्म जिसमें ममूटी ने अभिनय किया, को अनेक पुरस्कार मिले।

A.K. Lohitha Das

All the six films made by Kireedom Unni have been scripted by Lohitha Das, who has got his first break as a director with this seventh film. He has had the reputation of churning out hits as a script writer, because of the nativity of treatment and universality of themes. His very first film, which had starred Mammootty, had won several awards.

लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए पुरस्कार

दिल तो पागल है (हिन्दी)

निर्माता : **यश चोपड़ा** को स्वर्ण कमल तथा 40,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **यश चोपड़ा** को स्वर्ण कमल तथा 40,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम कथाचित्र का 1997 का पुरस्कार हिन्दी फिल्म **दिल दो पागल है** को स्वच्छ तथा युवाओं के आमोद प्रिय चित्रांकन के लिए दिया गया है जिसमें हिंसा अथवा अभद्र प्रदर्शन को कोई चिन्ह न देते हुए सहजतापूर्वक दर्शाया गया है।

AWARD FOR THE BEST POPULAR FILM PROVIDING WHOLESOME ENTERTAINMENT

DIL TO PAGAL HAI (HINDI)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 40,000/- to the Producer: **YASH CHOPRA**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 40,000/- to the Director: **YASH CHOPRA**

Citation

The Award for the Best Popular Film providing wholesome entertainment of 1997 is given to the Hindi Film **DIL TO PAGAL HAI** for its clean, fun-loving portrayal of young people in a film that moves effortlessly and avoids any sign of violence or vulgarity.

यश चोपड़ा

वयोवृद्ध फ़िल्म निर्माता बी.आर. चोपड़ा के भाई यश ने सर्व प्रथम 1958 में ''धूल का फूल'' के साथ निर्देशन का काम प्रारंभ किया। इसके बाद 1962 में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता ''धर्मपुत्र'' आई। तदोपरान्त, ''इत्तेफाक'', ''दीवार'', ''आदमी और इंसान'', ''जोशीला'', ''दाग़'', ''कभी-कभी'', ''दूसरा आदमी'', ''सिलसिला'', ''नूरी'', ''दीवार'', ''त्रिशूल'', ''लम्हे'', ''चांदनी'', और ''डर'' जैसी फ़िल्में आई। ''दिलवाले दुल्हनिया ले लायेंगे'' का निर्देशन उनके पुत्र आदित्य ने किया, जिसने ''दिल तो पागल है'' के संवाद लिखे जिसे सर्वोत्तम मनोरंजन प्रदान करने वाली फ़िल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

66 वर्षीय यश की फ़िल्मों का प्रस्तुतीकरण सदभाव के साथ तथा अभद्रता और अनावश्यक हिंसा के बिना होता है। फ़िल्मों में सामाजिक प्रासंगकिता के साथ-साथ नवीनता भी होती है। वे अपनी फ़िल्मों के गीतों पर विशेष ध्यान देते हैं।

Yash Chopra

Brother of the veteran filmmaker B.R. Chopra, Yash first tried his hand at direction with **"Dhool Ka Phool"** in 1958. This was followed by the National Award Winning **"Dharmaputra"** in 1962 and **"Waqt"** in 1965. Thereafter came films like **"Itefaq", "Aadmi aur Insaan", "Joshila", "Daag", "Kabhi kabhie", "Doosra Aadmi", "Silsila", "Noorie", "Deewar", "Trishul", "Lamhe", "Chandni", and "Darr". "Dilwale Dulhaniya le jaayenge"** was directed by his son Aditya, who has penned the dialogues of **"Dil to Pagal Hai"**, and won the National Award for Wholesome Entertainment.

The films by Yash, now 66, are marked by sincerity and presentation and have steered away from vulgarity or unnecessary violence. The films also have social relevance and presented something new. He also pays great attention to the songs of the films.

राष्ट्रीय एकता संबंधी सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार

बार्डर (हिन्दी)

निर्माता : **जे.पी. दत्ता** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **जे.पी. दत्ता** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

राष्ट्रीय एकता संबंधी सर्वोत्तम कथाचित्र का 1997 का नरगिस दत्त पुरस्कार हिन्दी फिल्म **बार्डर** को राष्ट्रीय भावना के प्रति हथियारबन्द दलों की वीरता तथा बलिदान एवं राष्ट्रीय गौरव के चित्रण के लिए दिया गया है।

NARGIS DUTT AWARD FOR BEST FEATURE FILM ON NATIONAL INTEGRATION

BORDER (HINDI)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer: **J.P. DUTTA**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Director: **J.P. DUTTA**

Citation

The Nargis Dutt Award for the Best Feature Film of 1997 is given to the Hindi film Border for making an honest statement on patriotism, portraying the gallantry and sacrifices of the Armed forces, thereby instilling a sense of National pride.

जे.पी. दत्ता

अड़तालीस वर्षीय जे.पी. दत्ता को फ़िल्मों में प्रारंभिक प्रदर्शन अपने पिता एवं वयोवृद्ध फ़िल्म निर्माता ओ.पी. दत्ता के द्वारा मिला। सैंट जैवियर कालेज से विशेष योग्यता के साथ स्नातक करने के बाद वे 1972 में आर.के. स्टूडियों से एक सहायक के रूप में जुड़ गये तथा रणधीर कपूर के अधीन काम किया। स्वतंत्र रूप से उनकी पहली फ़िल्म 1985 में ''**गुलामी**'' आई, जिसके तीन वर्षों के बाद और तीन फ़िल्में ''**यतीम**'', ''**हत्यारा**'', और ''**बंटवारा**'' आई। उनकी अन्य फ़िल्मों में ''**क्षत्रिय**'' शामिल है जिसे काफी सफलता मिली।

उनके बड़े भाई दीपक दत्ता जो भारतीय वायु सेना में विंग कमाण्डर थे तथा जिनकी 1987 में मिग 21 की हवाई दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, से अत्यधिक प्रभावित होकर जे.पी. दत्ता ने हथियार बन्द फौजों तथा उनकी कुर्बानियों को समर्पित एक फ़िल्म बनाने का निर्णय लिया। इसके साथ ही ''**बार्डर**'' सूक्ष्मता से लड़ाई की व्यर्थता का संदेश भी देती है।

J. P. Dutta

Fortyeight-year old J . P. Dutta got an early exposure to cinema through his father, veteran filmmaker O. P. Dutta. After graduating with honours from St Xaviers, he joined as an assistant to R. K. Studios in 1972 and worked under Randhir Kapoor. His maiden independent venture was "Ghulami" in 1985, followed three years later with three films: **"Yateem", "Hatyara"** and **"Batwara."** His other films include **"Kshatriya"** which was a fair success. Affected deeply by the death of his elder brother Deepak Dutta, a wing commander in the air force, in a MIG 21 air crash in 1987, J. P. Dutta decided to make dedicate a film to the armed forces and their sacrifices. But at the same time, **"Border"** has also tried in a subtle manner to give the message about the futility of war.

परिवार कल्याण संबंधी सर्वोत्तम फ़िल्म पुरस्कार

समानथारंगल (मलयालम)

निर्माता : **एस. बालचन्द्र मेनन** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **एस. बालचन्द्र मेनन** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

परिवार कल्याण संबंधी सर्वोत्तम कथाचित्र का 1997 का पुरस्कार मलयालम फ़िल्म **समानथारंगल** को दिया गया। फ़िल्म व्यक्तिगत अनुभवों पर आधारित मूल स्क्रिप्ट के लिए जो पारिवारिक एवं समुदायिक जीवन को चित्रित करती है। नायक अपने परिवार के सदस्यों की भावात्मक नैतिगत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बलिदान देता है और उसके द्वारा राष्ट्रीय एकता का एक वृहद चित्र दिखाता है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON FAMILY WELFARE

SAMAANTHARANGAL (MALAYALAM)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Prodeucer S. **BALACHANDRA MENON**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Director: S. **BALACHANDRA MENON**

Citation

The Award for the Best Film on Family Welfare of 1997 is given to the Malayalam Film **SAMAANTHARANGAL** for an original script evolved from personal experience in a film that nurtures family and community life. The protagonist makes sacrifices in order to protect the emotional and moral needs of his family members and through them projects a larger picture of the National Interests that bind us all.

एस. बालचन्द्र मेनन

भूविज्ञान में स्नातक करने के बाद मेनन पत्रकारिता में डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूरा करते हैं तथा सर्वोत्तम छात्र का केरल कौमुदी पुरस्कार प्राप्त कर के एक साप्ताहिक पत्रिका के लिए कुछ समय तक काम करते हैं।

बीस वर्ष पूर्व "**उथरादरथ्री**" से अपना फ़िल्मी जीवन शुरू किया तथा 37 फ़िल्मों के लिए कहानी, पटकथा एवं संवाद लेखक एवं निर्देशक का काम किया। इन्होंने इन अनेक फिल्मों में अभिनय, संगीत निर्देशन और सम्पादन भी किया। उनकी अधिकतर फ़िल्में अत्यन्त सफल हुई, जिनमें "**थाराट्टु**", "**कार्यम निसारम**", "**अप्रैल 18**" और "**अमायन सत्यम**" शामिल हैं।

"**समानथारंगल**" में मेनन ने नौ विभागों : निर्माता, निर्देशक, कहानी, पटकथा, संवाद, अभिनय, सम्पादन, संगीत और वितरण का काम किया। उन्हें अनेक राज्य और अन्य पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। यह उनका प्रथम राष्ट्रीय पुरस्कार है। एक नियमित स्तम्भकार के साथ साथ उन्होंने एक सांस्कृतिक मण्डली बनायी है जिसने भारत के बाहर अनेक देशों में प्रदर्शन किये हैं।



S. Balachandran Menon

After graduating in geology, Menon completed a Diploma in Journalism getting the Kerala Kaumudi Award for best student in reporting, and later worked for some time in a weekly.

Beginning his career in films twenty years ago with **"Uthradarathri"**, he has been involved with 37 films for which he was the story, screenplay and dialogue writer and director. He has also acted in many of these films and donned the mantle of music director and editor. Most of his films have been commercial hits. They include **"Tharattu"**, **"Karyam Nissaram"**, **"April 18"**, and **"Ammayana Satyam."**

For **"Samaandarangal"**, Menon has managed nine departments: producer, director, story, screenplay, dialogue, actor, editor, music and distribution. He has won several State and other awards. This is his first National Award. A regular columnist, he also has his own cultural troupe which has performed in many countries outside India.

मद्यनिषेध, महिला तथा बाल कल्याण, दहेज विरोधी, नशीले पदार्थों से हानियाँ, विकलांग कल्याण आदि जैसे अन्य सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फिल्म पुरस्कार

धन्ना (हिन्दी)

निर्माता : **फिल्म प्रभाग** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **दीपक रॉय** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

मद्यनिषेध, महिला तथा बाल कल्याण, दहेज-विरोधी, नशीले पदार्थ, विकलांग कल्याण जैसे अन्य सामाजिक विषयों पर सर्वोत्तम कथाचित्र का 1997 का पुरस्कार हिन्दी फिल्म **धन्ना** को दिया गया। फिल्म में एक साधारण मानव के समान एक अपंग व्यक्ति को परिवार तथा समाज द्वारा दिये गये अधिकारों को चित्रित किया गया है। इसमें साधारण एवं प्रत्यायक ढंग से बताया गया है कि अपंगों को उनकी आन्तरिक योग्यताओं को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

AWARD FOR THE BEST FILM ON OTHER SOCIAL ISSUES SUCH AS PROHIBITION, WOMEN AND CHILD WELFARE, ANTI-DOWRY, DRUG ABUSE, WELFARE OF THE HANDICAPPED ETC.

DHANNA (HINDI)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer: **FILMS DIVISION**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Director: **DEEPAK ROY**

Citation

The Award for the Best Film on other social issues such as prohibition, women and child welfare, anti-dowry, drug abuse, welfare of the handicapped etc. of 1997 is given to the Hindi Film **DHANNA** The film stands for the rights of a disabled person to be accorded the privileges of a normal human being within a family and in society. It states in a simple yet convincing manner that the disabled should be encouraged to develop their inner talents.

दीपक राय

दो विषयों में स्नातक, दीपक ने अपना जीवन एक फिल्मी आलोचक के रूप में शुरू किया तथा गंभीर सिनेमा पर 1974 से लिखना प्रारंभ किया। उन्होंने फिल्म निर्माण का काम 1982 से प्रारंभ किया और अब तक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं के लिए पचासी फिल्में निर्देशक और निर्माता के रूप में की। वे फिल्म प्रभाग, दूरदर्शन और यूनिसेफ एवं कुछ केन्द्रीय मंत्रालयों के लिए स्वतंत्र निर्माता निर्देशक के पैनल में हैं। उनकी कुछ चुनिंदा फिल्मों में ''**फेस टु फेस**'', ''**रिदम इन स्टोन**'', मध्य प्रदेश के आदिवासियों के जीवन पर एक श्रृंखला ''**माध्यम**'' के अतिरिक्त ''**दि सन फ्लावर आफ होप**'' है। दीपक ने दूरदर्शन के लिए सामयिक विषयों पर अनेक कार्यक्रमों का निर्माण किया तथा आर्थिक मामलों पर एक पाक्षिक कार्यक्रम का निर्माण किया। एक रचनात्मक लेखक होते हुए उन्होंने अनेक लघु कहानियां तथा बंगला में नाटक लिखे जिसका अनुवाद अन्य भाषाओं में किया गया। उन्हें राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम का कथा लेखन का पुरस्कार तीन वर्ष तक लगातार मिला तथा 1996 में उनकी फिल्म ''**लिमिट टु फ्रीडम**'' को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया।

Deepak Roy

A double graduate, Deepak began his career as a film critic and began writing on serious cinema in 1974. He got into filmmaking in 1982 and has so far made eightyfive films as director and producer for national, and international organisations. He is also empannelled as an outside producer director with the Films Division, Doordarshan and UNICEF apart from some central ministries. Some of his better known films are **"Face to Face", "Rhythm in stone",** the series **"Madhyam"** on the life of tribals in Madhya Pradesh, and **"The Sunflower of Hope."**

Deepak has also made several programmes on current topics for Doordarshan and had earlier produced a fortnightly series on economic issues. A creative writer, he has written many short stories and plays in Bengali which have been translated in other languages.

He had also won the National Film Development Corporation's Script writing competition for three years consecutively, and a National Award for his film **"Limit to Freedom"** in 1996.

पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

भूमिगीता (कन्नड़)

निर्माता : **आर. महादेव गौड़ा** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **केसरी हारवू** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम कथाचित्र का 1997 का पुरस्कार कन्नड़ फिल्म **भूमिगीता** को पर्यावरण एवं आदिवासी संस्कृति की नियंत्रित पहुंच की आवश्यकता, जो विकास प्रक्रिया में अनियंत्रित हो गयी थी के संबंध में वास्तविक मत देने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON ENVIRONMENT/ CONSERVATION/PRESERVATION

BHOOMIGEETHA (KANNADA)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer: **R. MAHADEV GOWDA**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Director: **KESARI HARVOO**

Citation

The Award for the Best Film on Environment/Conservation/Preservation of 1997 is given to the Kannada Film **BHOOMIGEETHA** for its sincere statement that stresses the need for a balanced approach towards environment and tribal cultures that get displaced in the course of development.

आर. महादेव गौड़ा

एक विकासशील ग्रुप ऑफ कम्पनीज के प्रमुख, महादेव एक युवा टेक्नाक्रैट हैं जिन्होंने यांत्रिकी इंजीनियरी में डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने अपना व्यापार एक स्टील फोर्जिंग यूनिट से शुरू किया, बाद में वे रियल स्टेट का व्यवसाय करने लगे। जल्दी ही उनका ग्रुप अन्य क्षेत्रों में भी फैल गया जिसमें कम्प्युटर और इंजीनियरिंग इंडस्ट्री भी शामिल है।

किन्तु वह मानते हैं कि सूचना और तकनीक प्रगति की चाबी हैं, तथा वे प्रकृति के संरक्षण और परिरक्षण के लिए वचनबद्ध हैं। उनका ग्रुप हरियाली के रखरखाव पर विशेष ध्यान देता है। वे कला के भी बहुत बड़े उपासक हैं।

R. Mahadev Gowda

Head of a growing group of companies called the Dee Group, Mahadev is a young technocrat who holds a degree in mechanical engineering. He began his business in a steel forging unit and later went into real estate. Soon his group diversified into other fields including computers and engineering industry.

But while he feels that information and technology are the key to progress, he is deeply committed to conservation and preservation of nature. His group lays special emphasis on maintaining abundant greenery. He is also a patron of the arts.

केसरी हारवू

विज्ञान में स्नातक, केसरी ने भारतीय फिल्म एवं टेलिविजन संस्थान तथा कर्नाटक कोआपरेटिव फिल्म फेडरेशन से लघु फिल्म निर्माण का पाठ्यक्रम किया। प्रारंभ में वे अमाच्योर थियेटर से भी संलग्न रहे तथा प्रकाश, पटकथा, लेखन, अभिनय और निर्देशन का काम किया।

निर्देशक के रूप में "**भूमिगीता**" उनकी प्रथम फीचर फिल्म है। उन्होंने बीस से अधिक फीचर फिल्में में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने एक कन्नड़ टेलिविजन धारावाहिक "**सुषमा**" का निर्माण भी किया है।

Kesari Harvoo

A science graduate, Kesari also completed a course in short filmmaking at the Film and Television Institute of India and the Karnataka Cooperative Film Federation. Initially, he was also associated with amateur theatre and involved in the lighting, script writing, acting and directing.

While **"Bhoomigeetha"** is his first feature film as director, he has been associate director in more than twenty feature films. He has also produced a television serial, **"Sushma"** in Kannada.

सर्वोत्तम बाल कथाचित्र पुरस्कार

रामायणम् (तेलुगु)

निर्माता : **डॉ. एम.एस. रेड्डी** को स्वर्ण कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **गुनाशेखर** को स्वर्ण कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बाल कथाचित्र का 1997 का पुरस्कार तेलुगु फिल्म **रामायणम्** को भारतीय महाकाव्य को मनोरंजक एवं वर्णनात्मक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए दिया गया है, जिसमें बाल कलाकारों ने सभी चरित्रों को सरलता एवं उत्साह से निभाया है। यह फिल्म बच्चों को देश की सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहने का अवसर प्रदान करती है।

AWARD FOR THE BEST CHILDREN'S FILM

RAMAYANAM (TELUGU)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer: **Dr. M.S. REDDY**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Director: **GUNASEKHAR**

Citation

The Award for the Best Children's Film of 1997 is given to the Telugu Film **RAMAYANAM** for presenting the classical Indian epic in an entertaining narrative style with child actors playing all the legendary characters with ease and verve. The film provides an opportunity for children to keep in touch with the country's cultural heritage.

एम.एस. रेड्डी

73 वर्षीय वयोवृद्ध एम.एस. रेड्डी एक समर्पित समाज सुधारक है। वे पक्के गांधीवादी है। उन्होंने अस्पृश्यता, और पशु-बलि जैसे सामाजिक मुद्दों के लिए अनेक सामाजिक आंदोलनों में हिस्सा लिया। उन्होंने इस प्रयोजन के लिए ग्राम स्तरीय अनेक अभियान किए। उन्होंने बंगाल-अकाल के लिए भी कोष इकट्ठा किया।

एक कवि के रूप में वे लगभग 3000 गीत लिख चुके है। जिसके लिए उन्हें सहज कवि की उपाधि भी दी गई। वे कुछ संग्रहों के लेखक भी है। श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या तथा महाराष्ट्र के भूकंप के सम्बन्ध में भी उन्होंने अपनी वेदना शब्दबद्ध की है।

शिक्षा को लक्ष्य बनाकर उन्होंने लगभग 25 फिल्मों का निर्माण किया है जिसमें सामाजिक, ऐतिहासिक तथा पौराणिक विषय रहे है। वे अनेक संगठनों से सम्बद्ध है तथा अनेक शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना भी की है।

M. S. Reddy

A dedicated social reformer, seventythree-year old M. S. Reddy is a staunch Gandhian and has taken part in several social movements against ills like untouchability, prohibition and against animal sacrifice. He organised village-level marches for his purposes. He even worked to raise funds for the suffering in the Bengal famine.

As a poet, he has written over 3000 lyrics and earned the reputation of **'Sahajkavi.'** Author of several anthologies, he had written to express his sentiments when Mrs Indira Gandhi was assassinated or during the earthquake in Maharashtra.

As a filmmaker, he has produced almost 25 social, historical and mythological films aimed at education. He has also served various organisations and founded many educational institutions.

गुणाशेखर

33 वर्षीय गुणाशेखर अब तक तीन फिल्मों का निर्देशन कर चुके है। 1992 में उनकी पहली सर्वोत्तम फिल्म "**लाठी**" को राज्य पुरस्कार के अलावा अन्य कई पुरस्कार प्राप्त हुए। 1995 में उनकी दूसरी फिल्म "**सोगासु चूड़ा थारामा**" ने भी अनेक राज्य पुरस्कार जीते।

पिछले साल हैदराबाद में हुए बच्चों तथा युवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में उनकी फिल्म "**रामायणम्**" को चयन किया गया था। इस फिल्म को अनेक भारतीय भाषाओं में डब किया गया है। इस फिल्म ने भी कई राज्य स्तरीय पुरस्कार जीते हैं।

Gunasekhar

At the young age of 33, Gunasekhar has already directed three feature films. He had won the state award for the best debut in 1992 for his film **"Laathi"**, which also won other awards. His second film **"Sogasu Chooda Tharama"** in 1995 also won several state-level awards.

"Ramayanam" was selected for the International Film Festival for Children and Young People in Hyderabad last year, and has been dubbed in different Indian languages. It has also won some state-level awards.

सर्वोत्तम निर्देशन पुरस्कार

जयराज

निर्देशक : **जयराज** को स्वर्ण कमल तथा 50,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम निर्देशन का 1997 का पुरस्कार **जयराज** को मलयालम फिल्म **कलियट्टम** में परम्परागत ''थैयम'' कला को ध्यान रखते हुए एक नाटक को सफलता पूर्वक प्रतिरोपित करने, तथा एक अत्यन्त कठोर कहानी का ताना बाना बुनते हुए भाषा पर नियंत्रण न खोने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST DIRECTION

JAYARAAJ

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000/- to the Director: **JAYARAAJ**

Citation

The Award for the Best Direction for 1997 is given to **JAYARAAJ** for the Malayalam Film **KALIYATTAM** for successfully transplanting the classic play by keeping the Traditional "Theyyam" Art form as the Backdrop and weaving an extremely tight story, never losing control of the Medium.

जयराज

जयराज इलेक्ट्रानिक्स तथा कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में स्नातक है। इस फिल्म से पूर्व जय राज मलयालम में दस फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। उनकी पिछली फिल्म "**देसाडनम्**" ने तीन राष्ट्रीय पुरस्कार, 9 केरल राज्य पुरस्कार तथा वी. शान्ताराम पुरस्कार प्राप्त किए थे। इस फिल्म को विभिन्न विदेशी फिल्म समारोहों में भी आमंत्रित किया गया। कारलोवी वेरी फिल्म समारोह में इस फिल्म को विशेष उल्लेख प्रदान किया गया।

"**कुटुम्बा समेतम**" को 1992 में राज्य की दूसरी सर्वोत्तम फिल्म का पुरस्कार प्राप्त हुआ। "**पैथरूकन**" और "**सोपानम्**" उनकी विशेष उल्लेखनीय फिल्में है।

Jayaraaj (Best Director)

A graduate in electronics and communication engineering, Jayaraaj has directed ten eature films in Malayalam before the present film. His last film **"Desadanam"** had won three National Awards, nine Kerala State Awards and the V. Shantaram Award for the best film in any Indian language. It was also invited to take part in several foreign film festivals. It won a special mention in the Karlovy Vary International Film Festival.

Earlier, **"Kudumbasametham"** received the second best film award in 1992 in the state. Other highly applauded films include **"Paithrukan"** and **"Sopanam"**.

सर्वोत्तम अभिनेता पुरस्कार

सुरेश गोपी एवं एस. बालचन्द्र मेनन

अभिनेता : **सुरेश गोपी एवं एस. बालचन्द्र मेनन** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम अभिनेता का 1997 का पुरस्कार **सुरेश गोपी** को मलयालम फिल्म **कलियट्टम** में उनके द्वारा की गई ऐसी नियंत्रित भूमिका के लिए दिया गया है जिसमें अनेक मनोभाव दिखाना आवश्यक होता है।

तथा

सर्वोत्तम अभिनेता का 1997 का पुरस्कार **एस. बालचन्द्र मेनन** को मलयालम फिल्म **समानथारंगल** में एक मध्यम वर्गीय व्यक्ति, जो अपने सिद्धान्तों पर खड़ा रहता है, की वास्तविक भूमिका के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST ACTOR

SURESH GOPI & S. BALACHANDRA MENON

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Actor: **SURESH GOPI & S. BALACHANDRA MENON**

Citation

The Award for the Best Actor of 1997 is given to **SURESH GOPI** for his role in the Malayalam Film **KALIYATTAM** for his control and presence in a role that demands a wide range of emotions.

and

The award for the best actor of 1997 is also given to **S. Balachandra Menon** in the Malayalam film **Samandarangal** for his realistic and sensitive portrayal of a middle-class man who stands up for his high principles.

सुरेश गोपी

चालीस वर्षीय सुरेश गोपी प्राणी विज्ञान में स्नातक तथा अंग्रेजी में स्नातकोत्तर है। वे सिनेमा के प्रति विशेष रुचि रखते थे, फलस्वरूप 1986 में उन्होंने "**राजाविंते माकन**" में काम किया। वे मलयालम, तमिल, कन्नड़, तेलुगु तथा हिन्दी भाषाओं की लगभग 170 फिल्मों में काम कर चुके है।

वे मलयालम मूवी आर्टिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष है। उन्हें चार बार केरल फिल्म क्रिटिक्स पुरस्कार भी दिया जा चुका है। "**कलियट्टम**" के लिए उन्हें सर्वोत्तम अभिनेता का राज्य पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।

एस. बालचन्द्र मेनन

भूविज्ञान में स्नातक करने के बाद मेनन पत्रकारिता में डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूरा करते हैं तथा सर्वोत्तम छात्र का केरल कौमुदी पुरस्कार प्राप्त कर के एक साप्ताहिक पत्रिका के लिए कुछ समय तक काम करते हैं।

बीस वर्ष पूर्व "**उथरादरथ्री**" से अपना फ़िल्मी जीवन शुरू किया तथा 37 फ़िल्मों के लिए कहानी, पटकथा एवं संवाद लेखक एवं निर्देशक का काम किया। इन्होंने इन अनेक फिल्मों में अभिनय, संगीत निर्देशन और सम्पादन भी किया। उनकी अधिकतर फ़िल्में अत्यन्त सफल हुई, जिनमें "**थाराट्टु**", "**कार्यम निसारम**", "**अप्रैल 18**" और "**अमायन सत्यम**" शामिल हैं।

"**समान थारंगल**" में मेनन ने नौ विभागों : निर्माता, निर्देशक, कहानी, पटकथा, संवाद, अभिनय, सम्पादन, संगीत और वितरण का काम किया। उन्हें अनेक राज्य और अन्य पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। यह उनका प्रथम राष्ट्रीय पुरस्कार है। एक नियमित स्तम्भकार के साथ साथ उन्होंने एक सांस्कृतिक मण्डली बनायी है जिसने भारत के बाहर अनेक देशों में प्रदर्शन किये हैं।

Suresh Gopi

Forty year old Suresh holds a degree in zoology and is a postgraduate in English, but instead was fascinated by cinema. He started in 1986 in **"Rajavinte Makan"** and has far done more 170 films in Malayalam, Tamil, Kannada, Telugu and Hindi.

He is Vice-President of the Association of Malayalam Movie Artistes. He has won the Kerala Film Critics award four times and the state award for best actor for **"Kaliyattam."**

S. Balachandran Menon

After graduating in geology, Menon completed a Diploma in Journalism getting the Kerala Kaumudi Award for best student in reporting, and later worked for some time in a weekly.

Beginning his career in films twenty years ago with **"Uthradarathri"**, he has been involved with 37 films for which he was the story, screenplay and dialogue writer and director. He has also acted in many of these films and donned the mantle of music director and editor. Most of his films have been commercial hits. They include **"Tharattu", "Karyam Nissaram", "April 18"**, and **"Ammayana Satyam."**

For **"Samaandarangal"**, Menon has managed nine departments: producer, director, story, screenplay, dialogue, actor, editor, music and distribution. He has won several State and other awards. This is his first National Award. A regular columnist, he also has his own cultural troupe which has performed in many countries outside India.

सर्वोत्तम अभिनेत्री पुरस्कार

इन्द्रानी हलदर तथा ऋतुपर्ण सेनगुप्ता

अभिनेत्री : **इन्द्रानी हलदर तथा ऋतुपर्ण सेनगुप्ता** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम अभिनेत्री का 1997 का पुरस्कार संयुक्त रूप से इन्द्रानी हलदर तथा ऋतुपर्ण सेनगुप्ता को बंगला फिल्म **दहन** में अपमानजनक स्थिति में फंसी हुई दो महिलाओं की नियंत्रित तथा भावुक भूमिका के लिए दिया गया है। दोनों अभिनेत्रियों के अनुभव औरों के लिए प्रेरक सिद्ध होते हैं।

AWARD FOR THE BEST ACTRESS JOINTLY GOES TO:

INDRANI HALDER AND RITUPARNA SENGUPTA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Actresses: **INDRANI HALDER AND RITUPARNA SENGUPTA**

Citation

The Award for the Best Actress of 1997 is jointly given to **INDRANI HALDER and RITUPARNA SENGUPTA** in the Bengali film **Dahan** for their restrained, sensitive portrayal of two women caught in a web in which both face humiliation. The two Actresses are inspiring in the way they emerge richer from their experience.

इन्द्राणी हल्दर

चौदह वर्ष की अल्पायु से अपने जीवन की शुरूआत करते हुए इन्द्राणी ने सर्वप्रथम टेलिविजन के लिए बंगला फिल्म "**तेरो परबोन**" में अभिनय किया। उसके बाद से उसने टेलिविजन धारावाहिकों की पांच सौ से अधिक श्रृंखला में अभिनय किया है। इनमें हिन्दी धारावाहिक "**नाम गुम जायेगा**" तथा "**शायद**" के अतिरिक्त बंगला धारावाहिक "**कगाजेर बाऊ**" और "**घूम नी**" शामिल हैं। उन्होंने "**हमारी शादी**", "**श्वेत पाथारेर थाला**", "**चराचर**", "**लाल दर्जा**" और "**सप्तमी**" फिल्मों में काम किया है। उन्हें अनेक राज्य पुरस्कार भी मिले है।

Indrani Halder

Starting her career at the tender age of fourteen, Indrani acted in the first Bengali soap opera on television, **"Tero Parbon."** Since then, she has acted in more than 500 episodes of different television serials. These include Hindi serials like **"Naam Gum Jaayega"** and **"Shayad"**, and Bengali serials **"Kagajer Bou"** and **"Ghoom Nei"**.

Her assignments in films include **"Hamari Shaadi"**, **"Swet Patherer Thala"**, **"Charachar"**, **"Lal Darja"**, and **"Saptami."** She has also received several state-level awards.

ऋतुपर्ण सेन गुप्ता

लेडी ब्राबोर्न कालेज से स्नातक ऋतुपर्ण को समग्र निष्पादन के लिए प्रधानाचार्य का मेडल दो वर्षों तक लगातार मिला। वह एक ओडिसी नर्तकी है तथा अनेक प्रदर्शन कर चुकी है। उसने 1993 में फिल्मी जीवन राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ "**श्वेत पाथारेर थाला**" से शुरू किया जिसका निर्देशन प्रभात राय ने किया। उसने बड़ी संख्या में बंगला तथा हिन्दी फिल्मों में अभिनय किया। इनमें एन.एन. सिप्पी की फिल्म "**तीसरा कौन**" शामिल है।

उसने अनेक देशों में सांस्कृतिक टोलियों में भी भाग लिया तथा अनेक बहुमूल्य पुरस्कार प्राप्त किये जिसमें सर्वोत्तम प्रतिभाशाली अभिनेत्री पुरस्कार और काजी नजरुल सेंटेनरी पुरस्कार शामिल है।

Rituparna Sengupta

A graduate from the prestigious Lady Brabourne College, Rituparna received the Principal's Medal for two years consecutively for all-round performance. She is an odissi dancer and has held several shows. She joined films with the National Award winning **"Swet Patherer Thala"** directed by Prabhot Roy in 1993. She has acted in a large number of Bengali and Hindi films. One of these was N. N. Sippy's **"Teesra Kaun"**.

She has also taken part in cultural troupes to different countries, and won a large number of prestigious awards including the most promising actress award and the Kazi Nazrul Centenary Award.

सर्वोत्तम सह-अभिनेता पुरस्कार

प्रकाश राज

सह-अभिनेता : **प्रकाश राज** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम सह-अभिनेता का 1997 का पुरस्कार प्रकाश राज को तमिल फिल्म **इरुवर** में एक शक्तिशाली चरित्र के लिए दिया गया है जो विविधतापूर्ण राजनीतिक जीवन का संवेदनशील एवं समतुरूप भूमिका प्रस्तुत करता है।

AWARD FOR THE BEST SUPPORTING ACTOR

PRAKASH RAJ

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Supporting Actor PRAKASH RAJ

Citation

The Award for the Best Supporting Actor of 1997 is given to **PRAKASH RAJ** for the Tamil film **IRUVAR** for his sensitive and consistent portrayal of a powerful character that spans a colourful political career.

प्रकाश राज

कर्नाटक निवासी प्रकाश राज अब चेन्नई में रहते हैं। प्रकाश कई वर्षों तक कन्नड़ अमेचर थियेटर के लिए अभिनेता-लेखक और निर्देशक के रूप में कार्य करते रहे हैं। उन्होंने लगभग 2500 भारतीय नाटकों और पश्चिमी रूपांतरणों में कार्य किया है। टेलिविजन धारावाहिकों के लिए अभिनेता-निर्देशक के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने 1993 में मुख्यधारा सिनेमा में "**हरकेया कुरी**" से प्रवेश किया। इस फिल्म को सर्वोत्तम क्षेत्रीय फिल्म पुरस्कार मिला।

तमिल फिल्मों में उनका प्रवेश के. बालाचन्दर की फिल्म "**द्वैत**" से हुआ। बाद में उन्होंने मणिरत्नम की "**बाम्बे**" में भी काम किया। फिर "**असई**" और अब लगभग सभी दक्षिण भारतीय भाषाओं की फिल्मों में काम कर रहे है। इस समय उनके पास तमिल फिल्मों में कार्य करने की एक लम्बी सूची है।

Prakash Raj

A native of Karnataka now living in Chennai, Prakash was an actor-writer and director in Kannada amateur theatre for many years and was involved in more than 2500 shows of Indian plays and western adaptations. After working as actor-director for some television serials, he entered mainstream cinema with **"Harakeya Kuri"** in 1993, which won the best regional film award.

His entry into Tamil films came through K. Balachander's film **"Duet"**, after which he acted in Mani Ratnam's **"Bombay."** After that, he acted in **"Aasai"**, and has now done films in all the south Indian languages. He has a large number of Tamil films on the floors.

सर्वोत्तम सह-अभिनेत्री पुरस्कार

करिश्मा कपूर

सह-अभिनेत्री : **करिश्मा कपूर** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम सह-अभिनेत्री का 1997 का पुरस्कार **करिश्मा कपूर** को हिन्दी फिल्म **दिल तो पागल है** में एक ऐसी युवा महिला का सजीव एवं उत्तम प्रदर्शन करने के लिए दिया गया है जो दोस्ती तथा प्रेम को महत्व देती है।

AWARD FOR THE BEST SUPPORTING ACTRESS

KARISMA KAPOOR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Supporting Actress: **KARISMA KAPOOR**

Citation

The Award for the Best Supporting Actress of 1997 is given to **KARISMA KAPOOR** in the Hindi Film **DIL TO PAGAL HAI** for her spirited and moving performance as a young woman who values friendship and love.

करिश्मा कपूर

महान अभिनेता राज कपूर की पौत्री तथा अभिनेता-फ़िल्म निर्माता रणधीर कपूर तथा पूर्व अभिनेत्री बबीता की पुत्री करिश्मा ने अभिनय कालेज जाने के दौरान ही प्रारंभ कर दिया। शीघ्र ही उसने कालेज छोड़ दिया। करिश्मा ने निर्माता डी. रामानायडु एवं निर्देशक के. मुरली मोहन की फ़िल्म "**प्रेम कैदी**" में 1991 से काम शुरू किया। रामानायडु तथा तथा मुरली मोहन ने दो वर्ष के बाद करिश्मा को "**अनाड़ी**" में पुनः प्रस्तुत किया।

उसके बाद करिश्मा ने लम्बा सफर तय किया। गत सात वर्षों के दौरान उसने चालीस से अधिक फ़िल्मों में अभिनय किया। इनमें से कुछ अच्छी फ़िल्में थी और कुछ बुरी, किन्तु इस सदर्भ में करिश्मा भाग्यशाली रही कि उसने प्रत्येक वर्ष एक या दो अच्छी फ़िल्में दी। उसकी फ़िल्मों, "**राजा बाबू**", "**अन्दाज अपना अपना**", "**कुली नं. 1**", "**हीरो नं. 1**", "**राजा हिन्दुस्तानी**", "**जीत**", और "**जुड़वा**" आदि है। "**दिल तो पागल है**" में उसके अभिनय के लिए उसे राष्ट्रीय पुरस्कार एवं अन्य लोकप्रिय पुरस्कार दिए गए है।

Karisma Kapoor

From far and near, people assemble in queues before the gate Or the fortress. The news camera clicks, the tape recorder records fragments of the hopes of the people in the queue. The tape unwinds the story of a boy from a village starving to death. A young man from an industrial base reveals the shattering drudgery of the workers. A young girl living in the city does not hesitate to tell the truth about her family

The Lord of the country is afraid Who are they ? Is it only a fad, a meaningless flutter ? Is it possible that the thirty thousand will soon become quiet? The old clown does his act on the trapeze and recites: A hoax ! Just a hoax! It is not, assert the persecuted, who now grow into millions and turn militant

चोमन दुड़ी

कन्नड़/श्वेत-श्याम/ 1975

निर्माता-अशोक कुमार **निर्देशन**: बी.वी. कारन्त **पटकथा** : डा. शिवराम कारन्त **संगीत** : एस. रामचन्द्र **पात्र** : वासुदेव राव कु. पद्मा कुम्टा, जयराजन, सुन्दर राजन, नागेन्द्र, नागराज, शंकर भट्ट, रोहिदास कादरी

चोमन दुड़ी 'चोमा'और 'दुड़ी'(डफली)की कहानी है। यह कहानी धर्मपरायण विनीत अछूत चोमर के इर्द-गिर्द घूमती है। ''सुख शान्ति दुःख रूपी नाटक में यदकाकदा आने वाले प्रसंग मात्र है'' यह बात चोमा के जीवन पर पूरी तरह से लागू होती है। उसकी हार्दिक इच्छा है कि उसके पास जमीन का एक अपना टुकड़ा हो। लेकिन इसका केवल इसलिए विरोध किया जाता है क्योंकि चोमा अछूत है और रिवाज इस बात की अनुमति नहीं देता कि अछूतों के पास अपनी जमीन हो। चोमा की परेशानियां इस कारण और बढ़ जाती है क्योंकि उसके अपने लोग उसे छोड़ देते हैं। उसके दोनों पुत्र- चनिया और नीला अकाल मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। उसका तीसरा पुत्र गुरुवा अपने परम्परागत आदर्शों को छोड़कर एक ईसाई की पुत्री मेरी के प्रेम में फंस कर घर से भाग जाता है। उसकी वेदना और बढ़ जाती है जब वह पाता है कि उसकी पुत्री-बेल्ली, इस्टेट क्लर्क मानवेल्ला से प्रेम करती है।

चोमा निराश हो जाता है। वह हल के टुकड़े-टुकड़े करके उसे जला देता है, वह अपनी कुटिया में प्रवेश करता है, किवाड़ बन्द कर देता है और दुड़ी (डफली) अपने अन्तिम शरण स्थल- पर झपटता है और बड़े जोर से उसे बजाने लगता है। वह अचानक दम तोड़ देता है मानो वह इसी तरह अचानक जाने की तैयारी कर रहा था। लेकिन दुड़ी का पीटना अभी भी...अभी भी.... अभी भी सुनाई दे रहा है....।

CHOMANA DUDI

Kannada/Black & White/1975

Direction/Music ; B. V. Karanth, **Screenplay** : Dr. Shivarama Karanth, **Camera** : S. Ramachandra, **Players** : Vasudeva Rao, Padma Kumpte, Jayarajan, Sunder Rajan, Nagaraja, Nagendra, Shanker Bhat, Rohidas Kadri.

The story of a man who struggles steadily to rent a piece of land, the film centres upon, departs from, but always returns to the life of Choma, a devout, humble untouchable With four sons and a daughter, he also has a pet dog 'Badu', and a 'Dudi' (a small drum) which he plays very often to express happiness, sorrow and other emotions. Choma has reared a pair of bullocks found straying in the forest long ago. His master Sankappaiah is unwilling to rent out a piece of land to him because of the tradition that untouchables should never till the land for themselves.

Choma's first two sons Chaniya and Guruva, toil in a distant Coffee estate to pay off their father's debts. They work in a strange atmosphere, becoming a prey to disease and fatigue. Guruva betrays his ancestral faith and elopes with Mary, daughter of a fellow worker, and becomes a Christian. Chaniya's desolate life proves brief. He returns home only to die. Now it is the daughter, Belli's turn to work in the distant Coffee estate. She goes there accompanied by Neela, her youngest brother. At the estate she is seduced by Manvela, the estate-owner's writer, and later, raped by Mingela, the estate-owner. But her father's debt is paid off. Choma is happy to see his daughter returning home He once again requests Sankappaiah for a piece of land in the vain hope of getting his daughter married and seeing the fulfillment of his only ambition. But Sankappaiah refuses. Within a few days his last son Neela drowns in the nearby river--in the presence of Brahmins who will not touch an untouchable, let alone rescue him Choma's only consolation is his 'Dudi' which he plays to drown his sorrow. Choma sees his daughter making love to Manvela. In a sudden fury, he beats her and pushes her out of the hut.

Returning home late, he closes the door behind him, grabs the 'Dudi' his ultimate refuge, and starts beating it. He dies but the sound of the 'Dudi' can still be heard....

मृगया

हिन्दी//रंगीन/ 1976

निर्माता-के. राजेश्वर राव **निर्देशक**: मृणाल सेन **फोटोग्राफी** : के.के. महाजन **संगीत**: सलिल चौधरी **पात्र**: मिथुन चक्रवर्ती, ममता शंकर

जंगली सूअर गांव पर हमला करते है और फसल को नष्ट कर देते है। जो कुछ शेष रहता है उस पर गिद्ध दृष्टि पड़ती है मनुष्यों-शोषकों की। सैंकड़ों वर्षों से शोषित आदिवासी कुछ नहीं कर सकते। एक गोरा प्रशासक आता है और नवयुवक आदिवासी की ओर आकृष्ट हो जाता है।

इस क्षेत्र के भले लोग एक पथभ्रष्ट बुरे आदमी से डरते और घृणा करते हैं। एक दिन, वह गांव वालों को एक आदिवासी भगोड़े के विरुद्ध लगा देता है। प्रशासक के आदमी और उसके पिछलगुवे दिकु उसकी खोज करते है। लेकिन सारा गांव विद्रोही के पक्ष में खड़ा हो जाता है और पथप्रष्ट, बुरे आदमी को भागना पड़ता है। इसके फौरन बाद ही एक सरकारी खजाना लूट लिया जाता है। प्रशासन विद्रोही आदिवासी नेता को, डाके के लिए पकड़ने के लिए पुरस्कार की घोषणा करता है और उसे बुरे आदमी द्वारा मार दिया जाता है। रक्त पात की यह व्यवस्था बेरोक-टोक चलती रहती है और दिकुओं का अत्याचार बढ़ता जाता है। फिर एक दिन साहूकार के आदमी शिकारी की युवा पत्नी का अपहरण कर लेते हैं। शिकारी को भयंकर क्रोध आता है और वह अत्याचारी की हत्या कर देता है। शिकारी को हत्या का दोषी घोषित किया जाता है और सूली पर लटका दिया जाता है। जिस समय न्याय की वेदी पर उसकी मौत होती है आदिवासी उगते सूर्य की ओर खड़े होकर हाथ खड़े करके अभिवादन करते है।

MRIGAYYA

Hindi/Colour/1976

Director : Mrinal Sen, **Screenplay :** Mrinal Sen, Mohit Chattopadhyay, **Music :** Salil Chowdhury, **Camera :** K.K. Mahajan, **Players :** Mithun Chakraborty, Mamata Shankar.

Wild pigs invade the village and destroy the crops. Human exploiters lay their hands on the leftovers. The tribals who have been broken by centuries of oppression can do nothing but surrender to the moneylenders and the traders--the Dikus.

A white civil servant meets a young tribal and is drawn to him for his prowess as a hunter. A strange rapport grows between them.

A bad man fallen among the good folk is hated and dreaded by all. He sets the villagers upon a tribal fugitive, hunted down by the administrator's men and his native lackey, the Diku, but the entire village stands by the rebel.

Soon thereafter, a Government treasury is looted. The administration announces a reward for the rebel tribal leader's act or 'banditry' and he is killed. The system of bloodshed continuds unabated.

One day, the wife of the young hunter is kidnapped by the moneylender's men. The hunter rises up in fury and kills the tyrant

The hunter is declared guilty of murder and is hanged to dealh. As he dies, the tribals stand with their arms stretched out towards the rising sun.

घटश्राद्ध

कन्नड़/श्वेत श्याम/2 घन्टे 15 मिनट/1977

निर्माता-सदानन्द सुवर्ण **निर्देशक एवं स्क्रीनप्ले** : गिरीश कासरवल्ली **संगीत:** बी.वी. कारंत **फोटोग्राफी:** एस. रामचन्द्र **पात्र:** नारायण भटट्, मीना कुटप्पा, अजीत कुमार

'घटश्राद्ध अनुष्ठान' का अर्थ है चरित्र हीन ब्राह्मण विधवाओं का जाति से बहिष्कार। वास्तव में यह मृत्यु-संकार है, जो अभियुक्त के जीते जी किया जाता है। यमुनक्का शेष गिरि उदुपा की जो वेदों के विद्वान हैं, और ब्राह्मण बच्चों के लिए स्कूल चलाते हैं, जवान विधवा पुत्री हैं। स्कूल में नए भर्ती हुए नैनी द्वारा बन्द समाज की यह त्रासदी देखी जाती है। यमुनक्का गांव के स्कूल के अध्यापक के सम्पर्क में आती है और उसे गर्भ ठहर जाता है। वह जब आत्महत्या में सफल नहीं होती तो गर्भपात कराने के लिए जाती है। यह बात सारे गांव में फैल जाती है। उदुपा को उर्वरता का प्रतीक मिट्टी का घड़ा तोड़ कर अपनी बेटी को जीते जी मौत की सजा देनी पड़ती है। अंत में जब यमुनक्का सिर मुंडा कर तथा सभी अधिकारों से वंचित गांव के बाहर खड़ी है।

GHATTASHRADHA

Kannada/Black & White/1977

Direction-Screenplay : Girish Kasaravalli, **Music** : B.V. Karanth, **Camera** : S. Ramachandra, **Players** : Meena Kutappa, Ajit Kumar, Narayana Bhat, Ramakrishna, Shanta.

Ghattashradha implies the death rites performed for a living person to mark his excommunication from Brahmin society. Like many other man-made laws existing even today, this practice was far more vicious than the crimes it was meant to punish.

Yamunakka, a child widow, grows up into a system that denies her the right to live a normal life. Her prescribed role in the agrahara does not, however, prevent her from having the emotions and desires natural to her age. She has an affair with the village school teacher, himself an outsider, and gets pregnant. Her lover arranges an abortion for her but, as the midwife crudely goes about her task, he disappears from the village.

The elders discover Yamunakka's secret. Retribution is swift. Her father performs the ghattashradha. Yamunakka is banished wilh self righteous indignation. Yet, a social system that condemns a young widow with such cruelty, accepts as a matter of course the remarriage of her old and widowed father with a girl young enough to be his daughter.

शोध

हिन्दी//रंगीन/ 1979

निर्माता-सीताकांत मिश्रा **निर्देशक**: बिप्लब राय चौधरी **पटकथा** : बिप्लब राय चौधरी/सुनील गंगोपाध्याय **संगीत**: शांतनु महापात्र **कैमरा**: राजन किनागी **ध्वनि**: हिमाद्रि भट्टाचार्य **सम्पादक**: बिप्लब राय चौधरी **कला**: असीम कुमार बोस **कलाकार**:ओमपुरी, सुषमा तेंदुलकर **वित्त**: एफएफसी

सोनागांव अपने नाम के विपरीत एक ऐसा गरीब गांव है जहां भूख है, अंधविश्वास है, जादू है और अनेक प्रेतों और देवताओं से ग्रस्त हैं।

सुरेन्द्र बचपन में ही जमींदार के अत्याचारों से त्रस्त हो गाँव से भाग जाता है और एक आक्रोशपूर्ण नवयुवक बन वापस आता है। उसके पिता की हत्या कर दी गयी थी (हालांकि ग्रामीण जानते है कि उसे भूत ने मार दिया था) और मां किसी भयानक बीमारी से परलोक सिधार जाती है। सुरेन्द्र एक विशेष ध्येय के तहत गांव वापस आता है। वह भूतों के सम्बन्ध में फैले भ्रम की खोज करना चाहता है। पास ही के एक कस्बानुमा शहर में वह काम करता है और सप्ताहांत में गांव आता है। वह युवा लोगों का एक संगठन बनाता है। ये लोग रात को घरों से निकलते हैं और चिल्ला चिल्लाकर लोगों से कहते हैं कि वे भूत खरीदना चाहते हैं। दस रुपये से शुरू होकर यह राशि 100 रूपये प्रति भूत तक पहुंच जाती है। गांव वाले उसे सनकी तो मानते हैं पर धन के लालच में रात में उन्हीं भूतों की खोज में निकल पड़ते हैं जिनसे वो डरा करते थे।

सुरेन्द्र अपने पिता की हत्या का बदला लेने की इच्छा से भरा होता है और इसके लिए वो पूरे गांव को एक सनक में डाल देता है। हालांकि कोई एक भूत भी पकड़ नहीं पाता।

परन्तु भूख और निराशा बढ़ती जाती है और सुरेन्द्र द्वारा की गई सौ रुपये की पेशकश जीवित व्यक्ति को भूत बनने पर विवश कर देती है।

SHODH

Hindi/Colour/1979

Producer: Sitakant Misra, **Direction :** Biplab Ray Chaudhuri, **Screenplay :** Biplab Ray Chaudhuri/Sunil Gangopadhyay, **Music :** Shantanu Mahapatra, **Camera : Rajan Kinagi,** Sound : Himadri Bhattacharya, **Editor :** Biplab Ray Chaudhuri, **Art :** Ashim Kumar Bose, **Players :** Om Puri, Sushama Tendulkar.

"Sonagaon", paradoxically, is the name of an impoverished village where starvation, superstition, magic and thousands of gods and ghosts haunt the unfortunate inhabitants.

Surendra, a former inhabitant of the village, who had run away as a child from the oppression of his employer, the Zamindar, returns as an angry young man. His father had been murdered (the villagers believed he had been killed by a ghost) and his mother had died of a terrible disease. Surendra's return is linked with a mission. He wishes to explore the myth about ghosts. Working in a neighbouring township, he visits the village every week-end. He organises a squad of village youths and goes out at night shouting that he will pay a price to anyone who can sell him a ghost. The offer begins at ten rupees and eventually goes up to a hundred rupees per ghost. The villagers think he is a crank but the possibility of earning money drives them out of their homes at night to search for the ghosts they fear.

Fired by the desire to avenge his father's murder, Surendra titillates the entire village into a frenzy but no one is able to trace a ghost.

But hunger and despair continue to loom large, Surendra's continuing offer of a hundred rupees ultimately leads to a desperate attempt to make a ghost out of a living human being....

आकालेर सन्धाने

बंगला//रंगीन/ 1980

निर्माता-धीरेश कुमार चक्रवर्ती **निर्देशन एव पटकथा**: मृणाल सेन **निर्माण कम्पनी** : डी.के. इंटरप्राइज **कहानी**: अमलेन्दु चक्रवर्ती **छायाचित्र**: के.के. महाजन **कला निर्देशन**: सुरेश चन्द्रा **सम्पादन**: गंगाधर नास्कर **संगीत**: सलिल चौधरी **प्रमुख अभिनय** धृतिमन चटर्जी , स्मिता पाटिल, श्रीला मजुमदार, गीता सेन, दीपांकर डे, राजन तरफदार, राधामोहन भट्टाचार्य

एक फिल्मी दल 1943 में आये अकाल, जिसमें पचास लाख लोग मारे गये, के बारे में फिल्म बनाने एक गांव में पहुंचता है। यह एक मनुष्य द्वारा बनाया गया अकाल था जैसा कि जंग के बाद का दृश्य होता है किन्तु फिल्मी दल इसे लाखों लोगों के भूख से मरने की दु.खद घटना बना देंगे। यह फिल्म, फिल्मी दलों में मिलनसारी, जोखिम, समस्याएं तथा लोकेशन पर फिल्म निर्माण के तनाव के बारे में है। अभिनेता दोहरा जीवन व्यतीत करते हैं तथा ग्रामीण जो कि साधारण और असाधारण दोनों प्रकार के होते हैं, उनका काम रुचि और मनोरंजन के साथ देखते हैं।

लेकिन जैसे जैसे फिल्म आगे बढ़ती है पीछे का मनोरंजन वर्तमान के सामने खड़ा हो जाता है। 1943 तथा 1980 का कठिन सहभाव एक संबंध दर्शाता है जिसमें एक ग्रामीण महिला जिसकी दृष्टि समय के आयाम के साथ साथ भविष्य को भी देखती है। वास्तव में यह एक अकाल के संबंध में जानकारी प्राप्त करने वालों के लिए एक भयवह स्थिति है।

AAKALER SANDHANE

Bengali/Colour/ 1980

Direction & Screenplay : Mrinal Sen/ **Production** : Company D. K. Films Enterprise/Producer Dhiresh Kumar Chakraborty, **Story** : Amalendu Chakraborty, **Photography** : K. K. Mahajan, **Art Direction** : Suresh Chandra, **Editing** : Gangadhar Naskar, **Music** : Salil Chowdhury, **Leading Players** : Dhritiman Chatterjee, Smita Patil, Sreela Majumdar, Gita Sen, Dipankar Dey, Rajen Tarafder, Radhamohan Bhattacharya.

A film crew comes to a village to make a film about a famine which killed five million people in 1943. It was a man-made famine, a side product of the war, and the film crew will create the tragedy of those millions who died of starvation.

The film documents the convivial life amongst the film crew and the hazards, problems and tensions of film-making on location. The actors live a double-life and the villages, both simple and not-so-simple folk, watch their work with wonder and amusement.

But, as the film progresses, the recreated past begins to confront the present. The uneasy co-existence of 1943 and 1980 reveals a bizarre connection, involving a village woman whose visions add a further dimension of time-that of the future. A disturbing situation, indeed, for the famine-seekers.

दख़ल

बंगला/रंगीन/ 1981/दस मिनट

निर्माण-सूचना और सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग पश्चिमी बंगाल सरकार **निर्देशन छायांकन तथा संगीत**: गौतम घोष **पटकथा** : गौतम घोष, पार्थ बनर्जी, सुशील जना की कथा पर आधारित **संपादन**: प्रशांत डे **ध्वनि आलेखन** : ज्योति चटर्जी, डेविड राय चौधरी **कला निर्देशन**: अशोक बोस **कलाकार**:ममता शंकर, राबिन सेन गुप्ता, सुनील मुखर्जी, सजल राय चौधरी, बिमल देब

अंदि एक खानाबदोश आदिवासी जाति की युवती है। वह अपने युवा दिनों में एक विजातीय ग्रामीण जोगा के साथ भाग जाती है। वे बंगाल के दक्षिण में एक तटवर्ती इलाके में रहने लगते है। खारे पानी के कारण वहां के निवासियों को बहुत मेहनत करनी पड़ती है॥ अपने दूसरे बच्चे के संभावित जन्म के पूर्व ही जोगा सांप काटने से मर जाता है। जमींदार इस जमीन को हथियाना चाहता है। वह इसे वैधानिक रूप ले अनुमत 25 एकड़ खास भूति के अंतर्गत मानता है। अंदि की जनजाति के लोगों के आनेपर जमींदार को यह अक्सर प्राप्त होता है। जमींदार का चमचा गोविन्दा उनकी आवभगत कर जनजाति के नेता बाघम्बर गोविन्दा को किसी तरह पटाकर न्यायालय में ले जाकर यह सिद्ध कर देता है कि आदि उनके समूह की है और जोगा से उसका विवाह अवैध है। अत: जोगा के वंशजों का उस जमीन पर कोई हक नहीं है। अंदि इस कुकृत्य के लिए गोविन्दा पर हमला कर लेती है। पश्चातापपूण बाघम्बर उसे अपने साथ चलने को कहता है। पर वह वहीं रुककर आखिरी लड़ाई लड़ना चाहती है।

DAKHAL

Bengali/1981/Colour/72 Mins.

Diretction, Photography & Music : Goutam Ghose/Production, Information and Cultural Aff:airs Department, Government of West Bengal, **Screenplay** : Goutam Ghose, Partha Banerjee based on a story : Sushil Jana, **Editing** : Prasanta Dey, **Audiography** : Jyoti Chatterjee, David Roy Chowdhury , **Art Direction** : Ashok Bose/Leading **Players** : Mamata Shankar, Robin Sen Gupa, Sunil Mukherjee, Sajal Roy Chodhury, Bimal Deb.

Andi came from a nomadic tribe commonly known as crowhunters. She had eloped in her youth with Joga, a peasant, belonging to a different caste. They settled down in the southern part of riverine Bengal, where peasants have to struggle hard to grow crops on land reclaimed from the salt water. When Andi was expecting her second child, her husband died of a snakebite. The local zamindar had eyes on her land and had been trying to grab it as part of his legally permitted 25 acres of khas land. Opportunity to do so comes with the arrival of Andi's tribesmen on the scene. The zamindar's henchman, Govinda, offers them hospitality and wins them over. Govinda tricks Bagambar, the leader of the tribe, to identify Andi in a law court as one of them to prove that her marriage with Joga was illegal and her heirs had no right to Joga's land. Andi, now at bay, attacks Govinda prejudicing her case in the eyes of law. The same night, Govinda's men set fire to her hut. Bagambar, now repentant, offers to take her with them, but Andi stays on to put up a last fight.

चोख

बंगला/रंगीन/ 98मिनट/1982

निर्माण: सूचना और सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग पश्चिम बंगाल सरकार **निर्देशन संगीत और पटकथा** : उत्पलेन्दु चक्रवर्ती **छायांकन:** शक्ति बनर्जी **ध्वनि आलेखन:** ज्योति चटर्जी **सम्पादन:** बुलु घोष **कला निर्देशन** : सुरेश चन्द्र **मुख्य कलाकार:**ओमपुरी, श्रीला मजुमदार, श्यामानंद जालान

मजदूर नेता जदूनाथ साहू को फांसी लगा दी जाती है। फांसी लगने से पूर्व वह अपनी आंखे एक ऐसे कामगार को दे जाता है, जो जन्मांध है। उसकी फांसी के बाद आई बैंक में दूसरा झगड़ा शुरू हो जाता है। कामगार चाहते है कि ये आंखे छेदीलाल को मिलनी चाहिए क्योंकि प्रतीक्षा-सूची में अब उसकी बारी है। जबकि प्रतिष्ठित और प्रभावशाली सेठ जेठिया ये आंखे अपने बेटे के लिए हथियाना चाहता है। इसी दौरान यह भी पता चलता है कि जदूनाथ को फांसी लगवाने के पीछे भी जेठिया का हाथ है।

प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डा. मुखर्जी को जेठिया के बेटे का नेत्र-प्रत्यारोपण का कार्य करना है। उन्हें भनक लगती है कि जेठिया ने कुछ गोलमाल किया है। वे चिकित्सा अधीक्षक से कहते हैं कि वे आपरेशन से पहले कागजात देखना चाहते है। बाद में जेठिया को पता चलता है कि आई बैंक से जिन आंखों को हथियाने में वह लगा हुआ था, जदूनाथ साहू की है। जिसे उसी ने मौत के घाट उतरवाया था। उन आंखों से उसे क्रांति की बू आती है और अब वह उन्हें नष्ट करवा देने में लग जाता है।

इसी दौरान, जादूनाथ की विधवा श्रमिकों के साथ अधीक्षक के समक्ष एक प्रदर्शन करती है वे मांग करते है कि जदूनाथ की आंखे छेदीलाल को दी जाए। सशस्त्र पुलिस उन्हें डंडों से रोकती है। जदूनाथ की विधवा उनकी ओर घूरकर देखती है। पलभर को सब निस्पंद हो जाते है। वह नेत्रहीन छेदीलाल का हाथ पकड़ पहला कदम आगे रखती है।

CHOKH

Bengali/1982/Colour/98 mins.

Direction, Music and Screenplay : Utpalendu Chakraborty **Production :** Deptt. of Information and Cultural Affairs, Govt. Of West Bengal **Photography** : Shakti Banerjee **Audiography** : Jyoti Chatterjee Editing Bulu Ghosh Art **Direction** Suresh Chandra **Leading Players** Om Puri, Sreela Mazumdar, Shyamanand Jalan.

Jadunath Sahu, a labour leader, is hanged. Before his execution he leaves instructions that his eyes should be given to a worker who has never seen the world. A class conflict erupts after his execution over the fate of his eyes stored in the Eye Bank. Jethia, a powerful and influential business magnate, uses his influence to acquire the eyes for his son. On the other hand the workers want the eyes to be given to Chhedilal, a blind worker, whose name is first in the list of those waiting for eyes. It become evident that Jethia was responsible for the events that finally led to Jadunath's execution.

Dr. Mukherjee, a popular opthalmologist, who is entrusted with the operation for cornea grafting on Jethia's son, learns the manipulations of Jethia. He tells the medical superintendent that he must see the papers before he operates. Jethia later learns that the eyes he has been trying to acquire illegally from the Eye Bank for his son belong to Jadunath, the aggressive worker in his factory, whom he had driven to death. He cannot bear the idea of the eyes surviving, for the eyes contain the fighting spirit of the workers. He again uses his influence to destroy them.

Meanwhile workers led by Jadunath's widow hold a demonstration before the superintendent and demand that Jadunath's eyes should go to Chhedilal. They are obstructed by the police armed with shields and batons. Jadunath's widow turns around and looks at the demonstrators. For a few tense moments nobody moves. She holds the blind Chhedilal's hand and takes the first step forward.

आदि शंकराचार्य

संस्कृत/रंगीन/170 मिनट/1983

निर्देशन-पटकथा : जी.वी. अय्यर, **निर्माण** : राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम, **संगीत** : एम. बालकृष्ण मुरली, **छायांकन** : मधु अम्बट, **ध्वनि** : रामनाथन, **संपादन** : वी.आर.के. प्रसाद, **कलाकार** : एस.डी. बनर्जी, एम.वी. नारायण राव, मंजुनाथ भट्ट, एल.वी. शारदा

शंकर का मत था कि अंतिम सत्य ब्रह्म है और इस वैभव पूर्ण संसार में सारपूर्ण कुछ नहीं है, केवल छाया है। अपने मत की व्याख्या करते हुए, शंकर ने प्राचीन वैदिक परंपरा को न्यायोचित माना।

फिल्म में, बालक शंकर की जीवन दिशा उस समय बदलती है, जब उनके पिता मृत्यु शैय्या पर होते हैं। "मैं चलता हूं, बेटे।" आप कहां जा रहे है ? शाश्वत में, जो अपने ही भीतर है। शंकर मृत्यु और बुद्धि के मित्र बन जाते हैं जिन्हें फिल्म में मानवीय रूप से दिखाया गया है। किशोर शंकर संसार के परे उस यथार्थ सत्य को खोजने के लिए संयासी बनने का निश्चय कर लेते है।

शंकर उपमहाद्वीप को लांघ जाते है। वे वैदिक ग्रंथों के प्रवचन करते है। वे शास्त्रार्थ करते है। अपने शिष्यों से घिर जाते हैं। वे गरीबी अंधविश्वास, कर्मकाण्ड, मनुष्य के प्रति भेदभाव का विरोध करते हैं। वे अपने अद्वैत सिद्धांत का प्रतिपादन करते है तथा हिंदू धर्म ग्रंथों पर टीकाएं लिखते हैं। उन्होंने हिन्दुत्व के विभिन्न सम्प्रदायों का समन्वय कराया। 32 वर्ष की अल्पायु में, परमज्ञान - प्राप्ति हेतु तथा स्वयं को ब्रह्म में विलीन करने के लिए उन्होंने संयास ले लिया। वे हिमालय चले गए। उनकी शिक्षाएं शाश्वत है।

ADI SHANKARACHARYA

Sanskrit/1983/Colour/170 mins.

Direction and Screenplay : G.V. Iyer Production National Film Development Corporation Limited, **Photography** : Madhu Ambat **Audiography** : Ramanathan **Editing** : V.R.K Prasad **Music:** M. Balamurali Krishna **Leading Players** : S.D. Banerjee, .V. Narayana Rao, Manjunath Bhat, L.V. Sharda.

Shankara believed that 'Brahman' is the Ultimate Reality and that all other things in this magnificent universe are mere shadows and hence unreal. Elucidating an undoubtedly original view-point, Shankara has at the same time adhered strictly to the ancient Vedic tradition.

In the film, the child Shankara's life is given direction when his father dies. "I am departing, son." "Where are you going?" "To eternity. Within oneself." Shankara befriends Death and Wisdom, who are given human forms in this film. To find the real tnuth that lies beyond worldly existence, the adolescent Shankara decides to become a sanyasi. As Shankara traverses the sub-continent, he grows to manhood: he is initiated into the Vedic scripture; he engages in skillful debate, he collects disciples around him; he experiences misery, superstition, ritualism, man's inhumanity to man. He fights these evils wherever he travels. He preaches his Advaitist philosophy (nondualism), writes his illuminating commentaries on the HIndu religious books, and expertly brings together the then fraying strands of Hinduism.

At the age of 32, in his quest for higher knowledge, and the desire to merge his inner Self (atma) with the Universal Self (brahman), Shankara renounces the world. He bids good-bye to Death and Wisdom (or transcends them) and retires to the Himalayas. His teachings remain.

दामुल

हिन्दी/रंगीन/1984

निर्देशन-निर्माता: प्रकाश झा, **पटकथा** : शैवाल, **संगीत** : रघुनाथ सेठ, **कैमरा** : राजन कोठारी, **कलाकार** : मनोहर सिंह, श्रीला मजुमदार, अनु कपूर, दीप्ति नवल, प्यारे मोहन साधे, ब्रज किशोर, गोपालशरण, ओम प्रकाश

कहानी में बिहार में फैली गरीबी, शोषण और अस्पृश्यता का चित्रण है। गांव का मुखिया माधो (मनोहर सिंह) बंधुआ मजदूरों की पारंपरिक व्यवस्था के तहत हरिजन मजदूर संजीवन की पारंपरिक व्यवस्था के तहत हरिजन मजदूर संजवन (अनू कपूर) का शोषण करता है। माधो एक गिरोह का संचालन भी करता है जो मवेशियों की चोरी कर दोबारा उनके मालिकों को बेचता है। संजीवन माधो के विभिन्न कारनामों और माधो के प्रतिद्वंदी राजनीतिज्ञ बच्चा सिंह की करतूतों के खिलाफ है। माधो का छोटा भाई गुंडो का सरदार है जो अपने भाई की बदमाशियों में पूरा हाथ बटाता है। वह चुनावों में गड़बड़ी करता है और विधवा महतमीन के धमकी देने पर कि वह संजीवन के प्रति किए गए उनके कारनामों का चिट्ठा कोर्ट में खोल देगी, वे उसके साथ बलात्कार कर हत्या कर देते है। अंत में, संजीवन की पत्नी राजुली माधो की हत्या कर देती है। यह झा की दूसरी फिल्म है जिसमें अपराध, हिंसा, सेक्स, भड़कीले वस्त्र, प्रतिशोध सभी कुछ है।

DAMUL

aka Bonded unl Death

1984 141'(125') col Hindi

Direction, Production and Screenplay : Prakash Jha, **Diaolque :** Shaiwal, based on his story "Kabbutar" **Photography :** Rajan Kothari, **Music:** Ragunath Seth, **Leading Players** : Manohar Singh, Sreela Majumdar, Annu Kapoor, Deepti Naval, Pyare Mohan Sahay, Braj Kishore, Gopal Sharan, Om Prakash

Melodrama set in Bihar addressing poverty, rural exploitation and the politics of Untouchability. Madho the village head uses the conventional system of bonded labour (i.e. labourers have to sign a paper assuming the debts of their ancestors) to subjugate the Harijan labourer Sanjeevan. Madho also runs an extortion racket based on stealing cattle and then requiring the owners to buy them back. Sanjeevan's story is intercut with Madho s multifarious misdeeds and the equally nefarious doings of Madho's rival, the politician Bachcha Singh. Madho's younger brother heads the gang of thugs who enforce the headman's will, including rigging the elections, raping and killing the widow Mahatmeen when she threatens to expose him in court, framing Sanjeevan for the crime, etc. In the end, Sanjeevan's wife Rajuli kills Madho. Jha's second film uses a continuously circling camera, converting the melodrama into a frontier tale of crime, sex and revenge, with colourful clothes and exotic accents.

चिदंबरम्

मलयालम/रंगीन/1985

निर्माता : सूर्यकान्ति फिल्म मेकर्स, **निर्देशन-पटकथा** : जी. अरविन्दन, **संगीत** : पी. देवराजन, **छायांकन** : शाजी एन करुण, **कलाकार** : गोपी, स्मिता पाटिल, श्रीनिवासन, मोहन दास, मुरली, चन्द्रन नायर

कहानी काव्यात्मक छायांकन और सुन्दर दृश्यों के साथ खुलती है। यह श्रमिक मुनियांडी की कहानी है जो केरल इंडो-स्विस फार्म में कार्य करता है। वह मंदिरों के शहर चिदम्बरम की निवासी शिवागामी से विवाह करता है। उसकी संपदा-प्रबंधक शंकरन, जो शैकिया फोटोग्राफर भी है और जिसका विगत जीवन कुत्सित था, से मित्रता हो जाती है। यह मित्रता सभी मर्यादाओं का उल्लंघन कर जाती है। यह सब कुछ एक त्रासदी में बदल जाता है। शंकरन शराबी हो जाता है और मुनियांडी आत्महत्या कर लेता है। सामाजिक आर्थिक परिवर्तन और लोगों की अपरिवर्तित मानसिकता के बीच एक तनाव उत्पन्न हो जाता है। धीरे-धीरे फिल्म आगे खिसकती है, जहां चिदम्बरम् के अवसादपूर्ण मठ व्यवस्था का चित्रण है। एक बार फिर शंकरन और शिवागामी की भेंट होती है। शंकरन् वहां धार्मिक रीतियों द्वारा स्वयं को शुद्ध करने का प्रयास कर रहा होता है और शिवागामी भक्तों के जूते चप्पलों की देखरेख में नियुक्त है। अंत में, यह शून्यवादी फिल्म उठती हुई क्रेन, मंदिर की दीवार और खुले आकाश के चित्रण के साथ समाप्त होती है।

CHIDAMBARAM

Malayalam/1985/Colour/102 minites

Production : C.V. Shriram, **Direction** : G. Aravindan, **Photography :** Shaji N. Karun, **Music:** P. Devaajan, **Leading Players** : Gopi, Smita Patil, Srinivas, Murali Chandran Nair

Unfolding in exquisitely photograrhed poetic rhythms and coloured landscapes, this is the simple but cynical tale of Muniyandi, a labourer on the Indo-Swiss Mooraru farm in Kerala. He bring a wife, Shivagami, from the temple town of Chidambaram. She befriends Shankaran, the estate manager and amateur photographer with a shady past. Their friendship transgresses the hypocritical but deeply felt behavioural codes the local men inherited from previous social formations; i.e. that women are to be denied what men are allowed to enjoy. The tragedy that ensues (Muniyandi's suicide, Shankaran's descent into alcoholism and Shivagami's withering into a worn-out old woman) condenses the tensions between socio-economic change (as tractors and machinery invade the landscape) and people's refusal to confront the corresponding need to change their mentality. The tension is, however, most graphically felt in the way Shivagami's life-force is extended into the naturescape, which is shot around her with garish colour (e.g. purple flowerbeds) suggesting that the very nature of Kerala's beauty and fertility, as she represents it, has been irredeemably corrupted from within. The film then shifts to the equally oppressive cloisters of the Chidambaram temple, as Shankaran and Shivagami meet once more; he is there to purify himself through religious ritual while she is now employed to look after the footwear of devotees and tourists. The nihilist film ends with a rising crane shot as the camera can only avert its gaze and escape, tilting up along a temple wall towards an open sky.

तबरना कथे

कन्नड़/1986/117 मिनट

निर्माण : अपूर्व चित्र, **निर्देशन/पटकथा लेखक** : गिरीश कासरवल्ली, **कलाकार** : चारु हासन, नलिना मूर्ति, कृष्णामूर्ति, जयराम, मास्टर सन्तोष, **संगीतकार** : एल. वैद्यनाथि, **छायांकन** : मधु अम्बाट, **ध्वनि आलेखन** : श्रीनिवासन, **संपादन** : एम.एन. स्वामी, **कला निर्देशन** : श्रीनिवास, **वेशभूषाकार** : सावन्त

नगरपालिका में चपरासी तबरा शेट्टी उस समय बहुत खुश होता है जब आजादी के बाद उसे कर वसूली के लिए नियुक्त किया जाता है। कॉफी उगाने वाले लोग विद्रोह कर देते है और कर देने से इंकार कर देते हैं। इस तरह तबरा जितना कर वसूल नहीं कर पाता उसके बराबर राशि नौकरी से रिटायर होने से पहले उसके वेतन में से काट ली जाती है। इस बीच उसकी पत्नी अप्पी बहुत बीमार पड़ जाती है और उसका गोद लिया बेटा बाबू गांव छोड़कर शहर चला जाता है। उधर पेंशन की मन्जूरी में लगातार देरी के कारण तबरा का आर्थिक संकट और गहरा हो जाता है।

TABARANA KATHE

Kannada/1986/177 mins

Production: Apoorva Chitra. **Direction and Script:** Girish Kasaravalli, **Cast:** Charu Hassan, Nalina Murthy, Krishnamurthy, Jayaram, Master Santosh, **Music:** L. Vaidyanathan, **Camera:** Madhu Ambat, **Sound:** Sreenivasan, **Editing:** M.N. Swamy, **Art Direction:** Srinivas, **Costumes:** Sawanth

Tabara Setty, a municipality peon, feels proud when he is appointed a revenue collector in post-independence India. The coffee planters rise in revolt and refuse to pay tax. The uncollected tax is recovered by the municipal authorities from Tabara's salary just prior to his retirement. Meanwhile, his wife Appi falls seriously ill and his adopted son, Babu leaves the village for the city. Tabara's financial woes are increased by delays in the sanction of his pension.

हलोधिया चोराया बाओधान खाए

असमिया/1987/रंगीन/117 मिनट

निर्माण : शैलधर बरूआ, जानू बरूआ, **निर्देशन/पटकथा :** जानू बरूआ, **कलाकार :** इंदरा बनिया, पूर्णिमा पाथा सैकिया, हेमेन चौधरी, गौरव बनिया, **छायांकन :** अनूप जोतवानी, **ध्वनि आलेखन :** जतीन शर्मा, **संपादन :** हेमन बरूआ, **कला निर्देशन :** फटिक बरूआ, **संगीत निर्देशन :** सत्य बरूआ **पार्श्व गायक :** सत्य बरूआ **पार्श्व गायिका :** रीता बरूआ।

राखेश्वर एक किसान है जो अपनी पत्नी तारू और पुत्र मोहन के साथ अपने छोटे से खेत में धान की खेती करके अपना गुजारा चलाता है। वर्षा देर से आती है लेकिन राखेश्वर सोचता है कि अब उसकी चिन्तायें दूर हो जायेंगी।

धनी जमींदार सनातन शर्मा राखेश्वर की जमीन पर अपना दावा करता है और कहता है कि उसके बाप ने यह जमीन गिरवी रखी थी। उसके पास अपने दावे को साबित करने के लिए कागजात है। मुकदमे पर बहुत पैसा खर्च होता है। उसे क्लर्कों दलालों और कलेक्टर को रिश्वत भी देनी पड़ी है। इस बीच सनातन विधानसभा के चुनाव के लिए खड़ा होता है। विपक्षी उम्मीदवार राखेश्वर के मामले को उछाल कर सनातन को बदनाम करते है।

कलेक्टर के दफ्तर में उसकी दलील पर सहानुभूमि पूर्वक सुनवाई होती है। कलेक्टर महसूस करता है कि रखेश्वर के पास अपना दावा सिद्ध करने के लिए कोई कानूनी सबूत नहीं हैं, लेकिन वह उसे आश्वासन देता है कि उसके लिए वह कुछ करेगा। कलेक्टर सनातन से अनुरोध करता है कि वह जमीन पर अपना दावा छोड़ दे, क्योंकि विपक्ष के लोग इस मामले को उछालकर उसे राजनीतिक हानि पहुंचा रहे हैं।

राखेश्वर को अपनी जमीन के कागजात वापस मिल जाते हैं। लेकिन जब वह चारों ओर लगे पोस्टरों से सनातन के हंसते हुए चेहरे को देखता है तो उसकी खुशी काफूर हो जाती है।

HALODHIA CHORAYE BAODHAN KHAI

Assamese/1987/Colour/120 mins

Production: Sailadhar Barua, Jahnu Barua, **Direction and Screenplay:** Jahnu, **Barua Cast:** Indra Bania, Purnima Patha. Saikia, Hemen Shoudhury Gaurav Bania, **Camera:** Anoop, Jotwani, **Audiography:** Jatin Sharma **Editing:** Hemen Barua, **Art Direction:** Phatik Barua, **Music Direction:** Satya Baruah, **Male Playback Singer:** Satya Baruah, **Female Playback Singer:** Reeta Baruah

Rakheshwar is a farmer who survives with his wife Taru and son Mohen on the produce of his small paddy field. When the delayed monsoon arrives, he feels his worries for the year are over. But the rich Sonathan Sharma claims the land was mortgaged to him by Rakheshwar's father and never redeemed. He has the papers to prove it.

Expenses are massive, in particular the various bribes that have to be paid to the clerks, the touts, the Collector himself.

Meanwhile, Sonathan is contesting the state Legislative elections. These are being bitterly fought and the opposition is attempting to make use of the Rakheshwar case to malign Sonathan.

An altercation in the Collector's office also brings a sympathetic audience from the Collector. The Collector realises that Rakheshwar has no legal evidence to back his claim, but promises do something about it. He persuades Sonathan to relinquish his claim over the land since the opposition has widely publicised the case and the political losses Sonathan might have to bear would be far greater. Rakheshwar gets his papers back, but his joy is forestalled by the election posters of a laughing Sonathan surrounding him everywhere.

पिरवी

मलयालम/1988/110 मिनट

निर्माण : एस. जयचन्द्रन नायर, **निर्देशन/वेशभूषा** : शाजी एन. करुण, **पटकथा** : एस. जयचन्द्रन नायर/रघुनाथ पलेरी/शाजी, **मुख्य अभिनेता** : प्रेमजी, **मुख्य अभिनेत्री** : अर्चना, **सह-अभिनेता** : सी.वी. श्रीराम/मुल्लेने, **सह-अभिनेत्री** : कृष्णा मूर्ति, **छायांकन** : सन्नी जोसेफ, **ध्वनि आलेखन** : कृष्ण ऊन्नी, **संपादन** : वेणु गोपाल, **कला निर्देशन** : देवन करुवत्तुमाना, **संगीत निर्देशन** : जी. अरविन्दन

एक बूढ़ा व्यक्ति चकयार गांव के बस स्टाप पर अपने बेटे रघु के आने का इन्तजार कर रहा है। रघु शहर में इंजीनियरी पढ़ता है। आखरी बस आकर भी चली जाती है लेकिन रघु नहीं आता। चकयार घर लौट जाता है। अखबारों में खबर छपती है कि रघु तथा दो आदमी सरकार विरोधी गाना गाने के लिए गिरफ्तार कर लिये गये हैं। चकयार रघु को छुड़ाने के लिए त्रिवेन्द्रम जाता है। गृह मंत्री जो कभी पढ़ाई-लिखाई के लिए चकयार के परिवार पर निर्भर हुआ करता था, उसे पुलिस के महानिदेशक के नाम एक पत्र देता है। चकयार को पता चलता है कि रघु को गिरफ्तारी के थोड़ी देर बार ही रिहा कर दिया गया था। चकयार की बेटी को इसमें कुछ गड़बड़ दिखाई देती है और वह सच्चाई का पता लगाने के लिए त्रिवेन्द्रम जाती है। उसे मालूम होता है कि रघु को जेल में पीटा गया जिससे हो सकता है उसकी मृत्यु हो गई हो। जब वह गांव वापस जाती है तो उसका बाप पागल हो चुका होता है और वह इस तरह आचरण करता जैसे रघु उसके निकट ही दिखाई दे रहा हो।

PIRAVI

Malayalam/1988/110 mts.

Producer: S. Jayachandran Nair **Director/Costume Designer:** Shaji N. Karun **Screenplay Writers:** S. Jayachandran Nair/Raghunath Paleri/Shaji **Leading Actor:** Premji **Leading Actress:** Archana **Supporting Actor:** C.V. Sreeraman/Mullene **Supporting Actress:** Krishna Moorthy **Cameraman:** Sunny Joseph **Audiographer:** Krishnan Unni **Editor:** Venugopal Art Director: Devan Karuvattumana Music Director: G. Aravindan.

Chakyar, an old man, waits at a village bus stop for the arrival of his son, Raghu, an engineering student. The last bus from the city unloads a motley group of people but Raghu is not there. Chakyar trudges back home.

The newspapers report the arrest of Raghu and two others for singing an anti-Government song. Chakyar travels to Trivandrum to seek Raghu's release. The home minister, once dependent on Chakyar's family for his education, gives him a letter for the inspector-general of police who tells him that Raghu was released soon after his arrest. The daughter, suspecting foul play, goes to Trivandrum to find out the truth. She discovers that Raghu was tortured in the lock-up and was probably dead. Back home, she finds her father mentally deranged and behaving as if he were seeing Raghu beside him.

बाघ बहादुर

हिन्दी/1989/रंगीन/91 मिनट

निर्माण/निर्देशन/पटकथा : बुद्धदेब दास गुप्ता, **मुख्य अभिनेता :** पवन मल्होत्रा, **मुख्य अभिनेत्री :** अर्चना, **सह-अभिनेता :** वासुदेव राव, **सह-अभिनेत्री :** राजेश्वरी राय चौधरी, **बाल-कालाकार :** स्वरेश चट्टर्जी, **छायांकन :** वेणु, **ध्वनि आलेखन :** ज्योति चट्टोपाध्याय, **संपादन :** उज्जल नन्दी, **कला निर्देशन :** निखिल बरण सेनगुप्ता, **संगीत निर्देशन :** शान्तनू महापात्र, **पार्श्व गायिका :** उर्वशी चौधरी

घनुराम हर साल नोनपुरा के वार्षिक मेले में बाघ नृत्य पेश करता है। इसके लिए वह अपनी नौकरी तक की परवाह नहीं करता। ये कला उसने अपने बाप दादा से विरासत में पाई है और इस पर उसे गर्व है। नोनपुरा में वह ढोलवादक सिबल के साथ रहता है जो उसके नृत्य करने पर ढोल बजाता है। एक दिन घनुराम उसकी बेटी राधा से शादी करने की इच्छा प्रकट करता है। इस वर्ष नोनपुरा में तमाशे दिखाने वाला एक नया आदमी सांबा आया है जो अपने साथ नाचने वाली एक लड़की और कुछ हास्यकार भी लाया है। उनके पास पिंजरे में एक चीता भी है। गांव वाले सांबा के तमाशे को ज्यादा पसंद करते हैं और राधा भी उस की तरफ आकर्षित होने लगती है। जोश में आ कर घनु सांबा को ललकारता है और अपनी बहादुरी दिखाने के लिए चीते के पिंजरे में घुस जाता है। घनुराम को सामने पा कर चीता उतेजित हो उठता है और उसे अपना शिकार बना लेता है।

BAGH BAHADUR

Hindi/1989/Colour/91 minutes

Producer/Director/Screenplay Writer: Buddhadeb Dasgupta. Leading Actor: Pavan Malhotra. **Leading Actress**: Archana. Supporting **Actor**: Vasudev Rao. Supporting **Actress**: Rajeswari Roy Chowdhury. **Child Artiste**: Sawresh Chatterjee. **Cinematographer**: Venu. **Audiographer**: Jyoti Chattopadhyay. **Editor**: Ujjal Nandi. **Art Director**: Nikhil Baran Sen Gupta. **Costume Designer**: Kuntala Dasgupta. **Music Director**: Santanu Mahapatra. **Female Playback Singer**: Urvashi Chowdhury.

Ghanuram performs the Tiger dance at the annual festival at Nonpura every year, even if it means leaving a job in hand to do so . It is a skill that he has inherited from his father and grandfather and he feels justifiably proud of it. At Nonpura, he stays with the drummer Sibal, who plays the drum when he dances. Ghanuram wants to marry his daughter Radha one day. This year, a new entertainer appears in Nonpura. Samba, a flamboyant showman, has brought a dancing girl and a troupe of clowns with him. He even has a leopard in a cage. The villagers are enchanted by Samba and even Radha feels attracted to him. Hurt and angry, Ghanuram challenges Samba and enters the leopard's cage to prove his own superiority. The sluggish animal is aroused and Ghanuram becomes his prey.

मरुपक्कम

तमिल/1990/रंगीन/85 मिनट

निर्माता : राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लि. और दूरदर्शन, **निर्देशक/पटकथा :** के.एस. सेतुमाधवन, **मुख्य अभिनेता :** शिव कुमार, **मुख्य अभिनेत्री :** जया भारती, **सह-अभिनेता :** शेखर, **सह-अभिनेत्री :** राधा, **छायांकन :** डी. वसन्त कुमार, **ध्वनि आलेखन :** ए. स्वामीनाथन, **संपादन :** जी. वेंकटरामन, **कला निर्देशन :** बी. चलम, **वेशभूषा :** कुप्पूराज, **संगीत निर्देशन :** एल. वैद्यनाथन।

यह फिल्म एक बाप और बेटे के बारे में है, जिनके जीवन में इतिहास दोहराया जाता है। अम्बी दिल्ली से अपने बीमार पिता वेम्बू अय्यर को देखने कुम्बकोनम पहुंचता है। वेम्बू अय्यर अपनी विद्वता और कठोरता के लिए प्रसिद्ध है। अम्बी अपने पिता को चुपचाप शान्त लेटे हुए देखता है तो उसे बहुत दुख होता है। अम्बी ने जब एक ईसाई लड़की से शादी की तो अय्यर ने उसे बहुत बुरा-भला कहा लेकिन जब उसे पता चला कि वे अलग हो गये हैं तो वह चुप हो गया। अम्बी अपने पिता के मुख से अपनी उस सौतेली माँ का नाम सुनता है जिसे इसलिए अय्यर को छोड़कर जाना पड़ा क्योंकि उसके संगीत प्रेम के कारण अय्यर की माँ परेशान होती थीं। जब उसने अदालत में अपने गुजारा खर्च के लिए मुकदमा दायर किया जो अपनी माँ की सलाह पर उसने उसके खिलाफ बदचलनी का आरोप लगाया। अय्यर का अतीत उसके मन में घूमने लगता है। क्या पति-पत्नी के अलग होने का अभिशाप उनके परिवार में अभी जारी है? अम्बी की मुलाकात एक बंगाली ईसाई लड़की स्वीटी से हुई और दोनों की शादी हो गई। हालांकि अय्यर ने ईसाई लड़की को स्वीकार करने से इंकार कर दिया लेकिन स्वीटी अम्बी के माता-पिता से मिलने की इच्छुक थी। अम्बी अपने मां-बाप से सम्बन्ध तोड़ने को तैयार नहीं हुआ, जिससे उनमें अनबन रहने लगी और स्वीटी ने उसे तलाक दे देने की धमकी दी। अम्बी का अतीत वापस लौटता है। जब अम्बी अपनी सौतेली माँ को बुलाने की बात करता है तो उसकी मौजूदा माँ गुस्सा होने लगती है। अम्बी को स्वीटी और अपनी इस माँ के दृष्टिकोण में कोई अन्त नजर नहीं आता। अन्त में अम्बी का मित्र मूर्ति उसकी समस्यायें हल कर देता है।

MARUPAKKAM

Tamil/1990/Colour/85 min

Producer: NFDC-Doordarshan; **Director/Screenplay/Writer:** K.S. Sethu Madhavan; **Leading Actor:** Siva Kumar; **Leading Actress:** Jaya Bharathi; **Supporting Actor:** Sekhar; **Cinematographer:** D. Vasanth; **Audiographer:** A. Swaminathan; **Editor**: G. Venkataraman; **Art Director:** B. Chalam; **Music Director:** L. Vaidyanathan; **Costume Designer:** Kuppuraj.

The story is about a father and a son in whose life history repeats itself. Ambi, arrives in Kumbakonam from Delhi to see his ailing father, Vembu Iyer, an uncompromising man known for his scholarship and dogmatism. Ambi is shocked to see him lying silent. When Ambi got married to a Christian girl, Iyer told him off, and fell silent when he came to know about their separation. A puzzled Ambi overhears his father uttering the name of his step-mother who had to leave him as her love for music posed problems for Iyer's mother upon whose advise he accused her of "infidelity" when she filed a suit against him for maintenance. Iyer's past unfolds itself in his mind. Is the cause of "separation" running in the family? Ambi met "Sweetie", a Bengali Christian under romantic conditions, and marreid her. Though his father refused to accept her she insisted on seeing his parents. Ambi refused to cut off relations with his parents and this led to constant fights with Sweetie threatening that she would not give him divorce. Ambi's past comes back. When Ambi suggests inviting his stepmother, the present mother beomes furious. Ambi finds no difference between her attitude and Sweetie's. Finally, his friend Murthy, a self-styled "prophet" finds answers to Ambi's problems and sets things rights.

आगन्तुक

बंगला/1991/रंगीन/120 मिनट

निर्माता : राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम **निर्देशक/पटकथा/संगीत निदेशक** : सत्यजीत राय **मुख्य अभिनेता** : उत्पल दत्त **मुख्य अभिनेत्री** : ममता शंकर **सह-अभिनेता** : दीपांकर डे **सह-अभिनेत्री** : सुब्रता चटर्जी **बाल कलाकार**: विक्रम **ध्वनि-आलेखन** : सुजीत सरकार **संपादक** : दुलाल दत्ता **कला निर्देशक** : अशोक बोस **गीतकार** : रवीन्द्रनाथ टैगोर **पार्श्व गायिका** : श्री मोना गुहा ठाकुरता **वेशभूषा** : ललित राय

अनिला को अपने अंकल मनमोहन से एक पत्र मिलता है। उनसे वह पहले कभी नहीं मिली है। मनमोहन 35 वर्ष तक विदेशों में रहने के बाद भारत लौट रहे हैं।

पत्र पाकर अनिला खुश होती है, हालांकि उसके पति सुधीन्द्रा के मन में संदेह है। मनमोहन उनके घर पहुंचते हैं और अपने अच्छे स्वभाव के कारण बहुत जल्दी अनिला के 11 वर्षीय बेटे से उनको लगाव हो जाता है। सुधीन्द्र को शक हो जाता है कि वह वसीयत का अपना हिस्सा लेने के लिए ही यहां आये हैं। वह उनके बारे में जांच कराता है। पता चलता है कि उन्होंने वह पिछले 35 वर्ष उत्तरी और दक्षिणी अमरीका में आदिवासियों के जीवन के अध्ययन में बिताये है। सुधीन्द्र का वकील मनमोहन के रहन-सहन का मजाक उड़ाता है।

सुधीन्द्र और अनिला अपनी शंका के समाधान के लिए संताल गांव जाते हैं, जहां मनमोहन रह रहे हैं। मनमोहन उन्हें आदिवासियों के एक नृत्य कार्यक्रम तक वहीं रुकने के लिए कहते है। अनिला नृत्य से आकर्षित होकर खुद भी नाचने लगती है। कलकत्ता लौटकर आस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने से पहले मनमोहन सुधीन्द्र को एक उपहार देते हैं। यह विरासत में उनके पूरे हिस्से के कागजात है।

AGANTUK

Bengali/1991/Colour/120 min

Producer: NFDC; **Director/Screenplay Writer/Music Director:** Satyajit Ray; **Leading Actor**: Utpal Dutt; **Leading Actress:** Mamata Shankar; **Supporting Actor:** Deepankar Dey; **Supporting Actress**: Subrata Chatterji; **Child Artist:** Bikram Bhattacharya; **Cinematographer:** Barun Raha; **Audiographer:** Sujit Sarkar; **Editor**: Dulal Dutt; **Art Director:** Ashoke Bose; **Lyricist:** Rabindranath Tagore; **Female Playback Singers:** Sromona Guha Thakurta; **Costume Designer** : Lalita Roy.

Anila receives a letter from her uncle, Manmohan, whom she has never met. He is visiting India after thirty-five years abroad. Anila is his only surviving relation. He wants to meet her in Calcutta before he sets off again. Anila looks forward to the meeting, although her husband Sudhindra is suspicious.

The uncle arrives, and immediately wins the friendship of Anila's son. Anila suddenly remembers her grandfather's will, and Sudhindra is quick to suspect that Manmohan has come only to claim his share of the inheritance. He triggers an investigation of the old man.

Sudhindra's and Anila's suspicions lead them to the Santal village where Manmohan is spending time. He invites them to stay for a tribal dance. Anila is attracted by the rhythm and rushes in to join the dance. Back in Calcutta, just before he leaves for Australia, Manmohan gives the family his entire share of the inheritance.

भगवद् गीता

संस्कृत/1992/रंगीन/150 मिनट

निर्माता : टी. सुब्बारामी रेड्डी **निर्देशक/पटकथा लेखक** : जी.वी. अय्यर **मुख्य अभिनेता** : राघवेन्द्र **मुख्य अभिनेत्री** : नीना गुप्ता **सह-अभिनेता** : गोपी मनोहर **सह-अभिनेत्री** : मीना राव **छायाकार** : मधु अम्बट **ध्वनि-आलेखन** : के.एस. कृष्णमूर्ति **संपादक** : नौजुंडा स्वामी **कला निर्देशक** : पी. कृष्णमूर्ति **संगीत निर्देशक/पार्श्व गायक** : बालमुरली कृष्ण **पार्श्व गायिका** : वाणी जयरमन **गीत** : बन्नांजे गोविंदाचार्य **वेशभूषा** : कल्पना अय्यर **विशेष प्रभाव** : वेन्की

भगवद् गीता कुरुक्षेत्र की रणभूमि में कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया संदेश है।

फिल्म में एतिहासिक कौरव-पात्रों और उनके साथियों की इच्छा, क्रोध, लालच, सम्मोहन, घमण्ड, प्रतिशोध तथा पांचों ज्ञानेंद्रियों के गुणों का चित्रण किया गया है। उनके विपरीत पांडवों के गुण-धर्मपरायणता, शक्ति, एकाग्रता, सच्चाई और धैर्य आदि संतुलित हैं। द्रोपदी एक ऐसी अकेली शक्ति है जो उन्हें अपने संघर्ष में मार्गदर्शन देती है। और कृष्ण ब्राह्मंडीय शक्ति हैं।

फिल्म में नश्वर मानव की यात्रा को स्वत: बोध के अंतिम उद्देश्य की ओर ले जाने का सफल प्रयास किया गया है। उस बोध से, अर्जुन जो पहले भय की बेचैनी से निश्चल थे, पुन: कार्यवाही के लिए सक्रिय हो जाते हैं।

BHAGAVAD GITA

Sanskrit/1992/colour/150 min.

